RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम ⇦ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 235 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 17 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

उल्लू को दिन में नहीं दीखता, कौवे को रात में नहीं दीखता, लेकिन कमी ऐसा अन्धा होता है जिसे न दिन में सूझता है, न रात में।
भृतहरी

# राजस्थानी को राजभाषा बनाने के लिए कानून की तैयारी

## मंत्री कल्ला बोले - 20 साल से केंद्र में अटका प्रस्ताव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिलाने के लिए सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरे राज्यों की स्थानीय भाषाओं की तज पर राजस्थानी को भी ?जल्द राजभाषा बनाने का फैसला होने के आसार हैं। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने राजस्थानी को मान्यता और राजभाषा का दर्जा देने का मामला उठाया। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि राजस्थान में अभी राजस्थान ऑफिशियल लैंग्वेज एक्ट 1956 लागू है। राजस्थानी भाषा को राजभाषा में शामिल करवाने के लिए ऑफिशियल लैंग्वेज एक्ट 1956 में संशोधन करने के लिए मामले का परीक्षण करवाया जा रहा है। भाषा विभाग के मंत्री ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी बनना राजस्थानी को राजभाषा बनाने की प्रक्रिया की शुरूआत है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा- 25 अगस्त 2003 को राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का सर्वसम्मत प्रस्ताव भेजा गया था। संविधान के आर्टिकल 325 के प्रावधानों के हिसाब से राज्य सरकार राजभाषा घोषित कर सकती है। राजस्थान ऑफिशियल लैंग्वेज एक्ट 1956 बना हुआ है, हम इसमें संशोधन करके राजस्थानी को राजभाषा बना सकते हैं। अगर राजस्थानी राजभाषा बन जाएगी तो आरएएस परीक्षा में भी वैकल्पिक भाषा के तौर पर आ जाएगी और




हमारे बच्चों को नौकरी मिलने में आसानी होगी। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा देने का प्रावधान है। इस मामले में 18 अगस्त 1997 को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में एक बैठक होनी थी वह बैठक आज तक नहीं हुई। जब सिक्किम, छत्तीसगढ़ गोवा में राजभाषाएं बन सकती हैं तो हम क्यों नहीं बना सकते। राठौड़ ने कहा 17 भाषाओं को राजभाषा बनाया, हम किसका इंतजार कर रहे हैं। राजस्थानी को यूजीसी ने मान्यता दे रखी है। नेपाल सरकार ने मान्यता दे रखी है। अमेरिका ने माना है, नेट की परीक्षा होती है।

### कल्ला बोले- राजस्थानी को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने पीएम से मिलें सभी विधायक

मत्री बीडी कल्ला ने कहा- 25 अगस्त 2003 को मैं भाषा विभाग का मंत्री था और उस वक्त सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव पारित हुआ था। मुझे अफसोस है 20 साल बाद भी राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया, जबकि महापात्रा कमेटी ने इसे योग्य माना था। केंद्र सरकार इस पर निर्णय नहीं कर रही है। हम सब दलों के विधायक एक साथ प्रधानमंत्री से मिलें और राजस्थानी को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित करवाएं। मंत्री कल्ला के जवाब पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि सीताकांत महापात्र और एक पाहवा समिति ने यह कहा है मातृभाषा को जब तक प्रारंभिक शिक्षा नहीं पढ़ाई जाती तब तक उस की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जा सकता। हम आठवीं अनुसूची के लिए कितने वर्षों से प्रयास कर रहे हैं। आप आर्टिकल 343 के तहत इससे पहले ऑफिशियल लैंग्वेज एक्ट में संशोधन लेकर आएं, इसके बिना मान्यता नहीं मिलेगी।

**राहुल गांधी बोले-** अडाणी मुद्दे पर डरे हैं पीएम

# वे मुझे पार्लियामेंट में नहीं बोलने देंगे पीएम बताएं अडाणी से उनका क्या रिश्ता

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** लंदन में दिए गए भाषण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मेरे भाषण में ऐसी कोई चीज नहीं थी जो मैंने पब्लिक रिकॉर्ड से नहीं निकाली। सब कुछ यहां-वहां से जुटाया था। यह पूरा मामला डिस्ट्रैक्ट करने का है। दरअसल, प्रधानमंत्री अडाणी के मुद्दे से डरे हुए हैं। वे बताएं कि अडाणी से उनका क्या रिश्ता है। राहुल गांधी ने यह सारी बातें प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। साथ ही कहा कि लंदन में दिए गए भाषण के मुद्दे पर संसद में विस्तार से जवाब दूंगा। मैं सांसद हूं और संसद मेरा मंच है। राहुल ने कहा कि अडाणी को श्रीलंका, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया में ठेके मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री जी और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के बीच क्या बात हुई पीएम जी उसके जवाब नहीं दे पाए। मैं लोकसभा का सदस्य हूं। मेरी जिम्मेदारी अपनी बात संसद में रखने की है। मुझे कल संसद में अगर बोलने का मौका मिलता है तो वहां मैं डिटेल में इस विषय पर अपनी बात रखूंगा। हालांकि लगता है कि वे मुझे पार्लियामेंट हाउस में बोलने नहीं देंगे।

### राहुल बोले- मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं

इससे पहले संसद के बाहर राहुल ने कहा था- मैंने लंदन में भारत के खिलाफ कुछ नहीं कहा था। अगर संसद में मुझे बोलने का मौका मिलेगा, तो मैं अपनी बात रखूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरा बोलना भाजपा को पसंद नहीं आता है। इससे पहले, गुरुवार सुबह 11 बजे संसद की कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर एक बार फिर हंगामा होने पर दोनों ही सदन दिनभर के लिए स्थगित कर दिए गए।

### राहुल ने स्पीकर से मिलकर वक्त मांगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से गुरुवार को मुलाकात की। उन्होंने लंदन के बयान पर अपना पक्ष संसद में रखने के लिए वक्त मांगा। मैं नहीं पीएम करते हैं देश का अपमानः मुझे



याद है कि पिछली बार प्रधानमंत्री ने विदेश जाकर घोषणा की थी कि आजादी के 70 साल में कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा था कि हमने एक दशक खो दिया है। भारत में बेहिसाब भ्रष्टाचार है। यह सब उन्होंने विदेश में कहा था। मैंने कभी अपने देश का अपमान नहीं किया। मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा। जब वे कहते हैं कि 70 साल में कुछ नहीं हुआ, तो क्या यह हर भारतीय का अपमान नहीं है?" जो सरकार से सवाल करता है उस पर हमला होता हैः यदि कोई ढट नरेंद्र मोदी का सपोर्टर है, तो उसका भी आंख मूंदकर समर्थन किया जाता है। इसका उलटा जो लोग उन पर या उनकी सरकार पर सवाल उठाते हैं, उस पर हमला किया जाता है। कुछ ऐसा ही ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉपोरेशन इइउ के साथ हुआ है। बीबीसी ने गुजरात दंगों पर डॉक्यूमेंट्री बनाई और मोदी ने सरकार ने विवाद पैदा कर दिया। इसे एक प्रोपेगैंडा बताया। मैं मोदी की शैली से सहमत नहींः ये आइडिया कि एक आदमी सभी समस्याओं को हल करता है, सतही है। लोगों से बात करने से समस्याएं हल हो जाती हैं। इसके लिए हितधारकों और सरकार के बीच बातचीत जरूरी है। मैं ऊपर से नीचे तक एक व्यक्ति वाली नरेंद्र मोदी-शैली से सहमत नहीं हूं जो चीजों को ठीक करने के लिए जादू की छड़ी लेकर इधर-उधर भागता है।

**जयपुर-सीकर में बारिश के साथ गिरे ओले**

# 4 दिन तेज बरसात का अलर्ट; 40 किलोमीटर स्पीड से चलेगी हवा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर से बारिश हुई और ओले गिरे। गुरुवार शाम 5 बजे अचानक जयपुर और सीकर में मौसम बदल गया। तेज हवा के साथ यहां 5 से 15 मिनट तक ओले गिरे। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। इससे पहले मार्च के शुरूआत में हुई बारिश और ओलावृष्टि से 6 जिलों में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। जयपुर के कोटपूतली में शाम 5 बजे मौसम बदला और बारिश के साथ 5 मिनट तक ओले गिरे। इस दौरान कोटपूतली, बावड़ी, पावटा और मैड़ कस्बे में बारिश का दौर चला। सीकर के खंडेला में 15 मिनट तक बारिश और ओले गिरे। इधर, मौसम विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है कि अगले चार दिनों में भरतपुर, कोटा, जयपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इस बार किसानों के लिए चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि ये सिस्टम पहले से ज्यादा प्रभावशाली है। कई स्थानों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।



**19 मार्च तक बारिश, आंधी और तूफान**

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान में सक्रिय हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ आंधी-तूफान भी आएंगे। मौसम की ये एक्टिविटी 19 मार्च तक जारी रहेगी।

### किन जिलों में अलर्ट

इसके तहत अजमेर, अलवर, बारां, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, सीकर और टोंक एरिया में बादल छाने, कहीं-कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। इसके अलावा कुछ एरिया में 30-40 किलोमीटर स्पीड से तेज हवा भी चल सकती है। निदेशक ने बताया कि इस सिस्टम का सबसे ज्यादा प्रभाव 17 और 18 मार्च को रहेगा। केंद्र के अनुसार 17 मार्च को राज्य के लगभग 2-4 जिलों को छोड़कर शेष सभी जगहों पर बारिश, बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं, 18 मार्च को यही स्थिति बनी रह सकती है। 19 मार्च से इस सिस्टम का असर कुछ जिलों में खत्म होने लगेगा, लेकिन इस दिन भी कई जगहों पर आंधी-तूफान भी आएंगे। राजस्थान में बुधवार को देर शाम भी हल्की बूंदाबांदी और बारिश हुई। पिलानी, चूरू, बीकानेर के कई हिस्सों में बूंदाबांदी होने के साथ हल्की स्पीड से तेज हवा चली। झुंझुनूं के चिड़ावा में 2टट बरसात रिकॉर्ड हुई। वहीं पूरे दिन राज्य के कई हिस्सों में बादल भी छाए रहे।

### 3-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा तापमान

मौसम के इस बदलाव के बाद अगले कुछ दिनों तक राजस्थान में गर्मी का असर कम रहेगा। मौजूदा तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। कुछ शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। वहीं, जिन शहरों में तापमान अभी सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है, वहां भी तापमान सामान्य या उससे नीचे जा सकता है।

**किसानों के लिए अलर्ट :** मौसम विभाग ने बारिश से फसलों को बचाने के लिए उनको सुरक्षित स्थानों पर स्टोरेज करने की सलाह दी है। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, नागौर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, जालोर और बाड़मेर जिले में जहां जीरा या अन्य फसलें खेतों में है, उनको बचाने के लिए कोई व्यवस्था करने के लिए कहा है।

### सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री की वेबसाइट हैकः रूसी हैकर्स के ग्रुप फीनिक्स पर आरोप, इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम जांच कर रही

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री की वेबसाइट गुरुवार को हैक हो गई। बताया जाता है कि रूसी हैकर्स ने ये वेबसाइट हैक की। इसके बाद मिनिस्ट्री ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम से मामले की जांच करने को कहा है। क्लाउड एक्स के साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स ने दावा किया है कि रूसी हैकरों के ग्रुप फीनिक्स ने हेल्थ मिनिस्ट्री की वेबसाइट को निशाना बनाया है। इसके जरिए हैकर्स देश के सभी अस्पतालों के कर्मचारियों और मुख्य चिकित्सकों के डेटा तक पहुंच गए हैं। मंत्रालय के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम से इस बारे में जानकारी मांगी गई है। वो इसकी जांच कर रहे हैं, जल्द ही इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

CERT-1 भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी मिनिस्ट्री के तहत काम करती है। यह हैकिंग और फिशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए नोडल एजेंसी है, जो भारतीय इंटरनेट डोमेन की सुरक्षा को मजबूत करती है।

### महबूबा मुफ्ती बोलीं- भारत की हालत पाकिस्तान जैसी

**वहां इमरान पर गिरफ्तारी का खतरा, यहां विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और PDP चीफ महबूबा मुफ्ती ने भारत की तुलना पाकिस्तान से की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पाकिस्तान की पुलिस पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। उसी तरह से भारत में सरकार विपक्षी नेताओं, मंत्रियों की गिरफ्तारियां करवा रही है। उन पर एजेंसियों की छापेमारी हो रही है। महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान को गिरफ्तार करने की कोशिश हो रही है, यह बहुत बुरी बात है, लेकिन हमारे यहां (भारत) तो लोग मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल रहे हैं।

# आर्मी का हेलिकॉप्टर क्रैश, दोनों पायलट के शव मिले

## चीन सीमा के पास अरुणाचल में हादसा; सुबह 9:15 बजे टूटा था संपर्क

गरीबों का सितारा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चीन बॉर्डर के पास गुरुवार को इंडियन आर्मी का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलट्स की मौत हो गई। इनके नाम लेफ्टिनेंट कर्नल वीवीबी रेड्डी और मेजर जयंत ए. हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हेलिकॉप्टर मंडला हिल्स इलाके में क्रैश



हुआ। सेना ने मामले की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। डिफेंस गुवाहाटी के PRO लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आर्मी एविएशन का चीता हेलिकॉप्टर अरुणाचल प्रदेश के बोम्डियाल के पास ऑपरेशनल उड़ान पर था। इसी दौरान सुबह 9:15 बजे इसका एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया था। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने बताया दोपहर करीब 12.30 बजे बंगजालेप, दिरांग थाने के ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। लिहाजा कळइढ, सेना, एसएसबी और पुलिस की सर्च और बचाव टीम मौके के लिए रवाना हो गई थी। इससे पहले 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में मिलिट्री हेलिकॉप्टर 'रुद्र' क्रैश हो गया था। हादसा टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ था।



क्षेत्र का नं. 1 अखबार | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

# अपना शहर
गरीबों का सितारा

जयपुर | शुक्रवार, 17 मार्च, 2023 | 2

| पूर्वानुमान> | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 33°c | 33°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 20°c | 19°c | 19°c | 19°c |

23°

बांध हो **खाली...**

# डहरा में कब पहुंचेगा अशोक गहलोत का 'बुलडोजर'?

**बांध को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने भरी हुंकार**



गरीबों का सितारा

**भरतपुर /नदबई।** इंसान बाजार से पानी की बोतल खरीद कर प्यास बुझा लेता है लेकिन पशु अपनी प्यास नदी, तालाब और बांध के पानी से ही बुझाते हैं ' प्राचीन काल में चाहे कोई कितना ही अत्याचारी राजा रहा हो वह भी अपने साम्राज्य में बांध, तालाब जैसे जल स्त्रोतों की रखरखाव और साज-सज्जा के लिए पर्याप्त भूमि सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उसके रखरखाव की पुख्ता व्यवस्था करता था लेकिन आज पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे राजस्थान में जिम्मेवार लोग ही तालाब, बांध ब और नदी के भराव क्षेत्र की जमीनों पर अतिक्रमण करवाने के लिए भू माफियाओं को अपना पूरा आशीर्वाद प्रदान किए हुए हैं जिसका एक बड़ा उदाहरण नदबई विधानसभा क्षेत्र के डहरा स्थित बांध के भराव क्षेत्र की जमीन का है जहां पर व्यापक पैमाने पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना को मजबूरन विधानसभा में अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ी जबकि वे खुद गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है ' अफसोस इस बात का भी है कि खुद अवाना ने जिला कलेक्टर को इस बांध के भराव क्षेत्र की जमीन पर निर्माण की स्वीकृति जारी नहीं करने की रिक्वेस्ट की थी लेकिन इसके बावजूद भी जिला प्रशासन ने निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी ' मतलब साफ गहलोत सरकार में ब्यूरोक्रेसी इतनी हावी हो गई है कि कैबिनेट मंत्रियों तक की सुनवाई नहीं हो रही। जब कैबिनेट मंत्रियों को ही अफसर भाव नहीं दे रहे तो फिर आम आदमी की क्या औकात ' कहावत है एक घर तो "डाकन "भी छोड़ देती है... फिर आखिर जिला कलेक्टर की ऐसी कौन सी मजबूरी थी जिसकी वजह से उन्होंने बांध के भराव क्षेत्र की जमीन पर निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान कर दी जबकि सिंचाई विभाग की ओर से वर्ष 2004 में ही नदबई पंचायत समिति के विकास अधिकारी को बांध की इस संबंधित भूमि के संबंध में परिपत्र जारी कर साफ कह दिया था कि इस भूमि को अन्य उपयोग के लिए काम में नहीं लिया जाए। सवाल खड़ा होता है कि जिला प्रशासन की ओर से कौन से नियम और कायदे के अनुसार संबंधित भूमि पर निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की ? स्थानीय विधायक अवाना जिला कलेक्टर के पास अपनी खुद की पर्सनल पीड़ा लेकर नहीं गए थे बल्कि वह अपने इलाके के हजारों लोगों और बेजुबान पशुओं की पीड़ा को लेकर बड़ी उम्मीद और भरोसे के साथ गए थे कि जिला कलेक्टर जिला का मुखिया होने के नाते बेजुबान पशुओं और लोगों की पीड़ा को समझेंगे लेकिन अब ऐसा दिख रहा है कि भरतपुर जिला प्रशासन ने जयपुर की रामगढ़ झील की तरह ही देहरा के इस बांध को भी मरुस्थल में तब्दील करने का पूरा मन बना लिया है जबकि नदी, तालाब और बांध की जमीन पर अतिक्रमण करने वाला और कराने वाला दोनों घोर पाप के अधिकारी माने जाते हैं।

## जिला प्रशासन की कार्यशैली से खुद ही खड़े हो रहे हैं कई बड़े सवाल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिला कलेक्टर आलोक रंजन कहते हैं कि संबंधित भूमि निजी खातेदारी की जमीन पर है और नियम कायदों के अनुसार ही निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। आलोक रंजन यह भी कहते हैं कि नदबई तहसीलदार ने भी संबंधित भूमि का अन्य उपयोग नहीं करने के संदर्भ में भी रिपोर्ट नहीं की थी। अब जिला प्रशासन से क्षेत्र के लोग यह पूछते हैं कि जब सिंचाई विभाग ने वर्ष 2004 में ही बांध के भराव क्षेत्र की संबंधित भूमि को बांध की ही भूमि माना है और इस भूमि को अन्य उपयोग में नहीं लेने के लिए नदबई पंचायत समिति के विकास अधिकारी को परिपत्र जारी कर दिया था तो फिर जिला कलेक्टर आलोक रंजन संबंधित भूमि को निजी खातेदारी की जमीन क्यों बता रहे हैं ? इस मामले में यह तो बिल्कुल साफ है कि जिला प्रशासन ने सिंचाई विभाग से बिल्कुल भी पत्र व्यवहार और बातचीत नहीं की जबकि यह बहुत ही महत्वपूर्ण बांध के भराव क्षेत्र की जमीन से जुड़ा मामला था ' इस प्रकरण में सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी साफ उजागर हो रही है क्योंकि उन्होंने उस समय आपत्ति क्यों नहीं जाहिर की जब संबंधित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू हुआ था। यानी बांध के भराव की जमीन पर निर्माण होता रहा और सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारी मौन साधे रहे। इस प्रकरण में कहीं ना कहीं सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन के अफसरों के बीच आपस में मिली भगत होने के संकेत भी साफ दिख रहे हैं अन्यथा ऐसा हो ही नहीं सकता कि जिसकी जमीन पर अतिक्रमण हो रहा हो और वह नहीं बोले। मीडिया रिपोर्ट्स में जिला कलेक्टर के नदबई तहसीलदार के संदर्भ में दिए गए बयान पर भी बड़ा सवाल, यह खड़ा होता है कि क्या आपने संबंधित भूमि के बारे में नदबई तहसीलदार से मौके की रिपोर्ट मांगी थी और अगर संबंधित तहसीलदार ने मौके पर जो रिपोर्ट दी है तो उस रिपोर्ट का ब्यौरा सार्वजनिक करें और अगर आपने तहसीलदार से रिपोर्ट नहीं मांगी तो आपने क्यों नहीं मांगी इसके बारे में भी अपनी स्थिति सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट करें क्योंकि यह बांध की जमीन से जुड़ा मामला है इसलिए क्षेत्र के दर्जनों गांव में रहने वाले हजारों लोग अब जिला प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नाखुश दिख रहे हैं।

## सिंचाई विभाग के कागजों में संबंधित भूमि बांध की फिर वह निजी खातेदारी में कैसे स्थानांतरित हो गई

इस प्रकरण में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि सिंचाई विभाग में संबंधित भूमि बांध के भराव क्षेत्र की भूमि के रूप में अंकित है फिर वह भूमि कौन सी जादूगरी से निजी खातेदारी में स्थानांतरित हो गई यह सवाल क्षेत्र के लोग जिला कलेक्टर से पूछ रहे हैं, लोकतंत्र में चाहे कोई कितनी ही निर्दई सरकार हो वह यह कभी नहीं चाहेगी की नदी तालाब और बांध की भूमि को निजी खातेदारी में स्थानांतरित की जाए इसलिए जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने जिस तरह से संबंधित भूमि को निजी खातेदारी की जमीन मीडिया रिपोर्ट्स में बता रहे हैं यह बात ठीक तरह से गले नहीं उतर रही कहीं ना कहीं इस प्रकरण में जिला प्रशासन अब बुरी तरह से फंस गया है क्योंकि राजस्थान विधानसभा में गूंजा है और इस मामले को नदबई के लोकप्रिय ने उठाया है तो निश्चित रूप से इस मामले में जब जांच की जाएगी तो कई अफसरों को कार को जवाब देना मुश्किल पड़ जाएगा।

सितारा न्यूज नेटवर्क — सामाजिक — बिग स्टोरी — गरीबों का सितारा

## जोगिंदर सिंह अवाना अपने इलाके के लोकप्रिय और लौह पुरुष, उनकी एक आवाज पर एकत्रित हो जाते हैं हजारों लोग

भले ही जोगिंदर सिंह अवाना पहली बार नदबई से विधायक बने हो लेकिन उनकी लोकप्रियता देखते ही बनती है उज्जैन और नदबई में विगत 4 सालों में उन्होंने जो ताबड़तोड़ विकास काम करवाएं और आजादी के बाद से लंबित चल रही बड़ी-बड़ी समस्याओं को सुलझाया उससे वे अब नदबई और आसपास के विधानसभा क्षेत्रों में काफी लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित हो गए हैं। अब बांध की इस जमीन को लेकर उन्होंने जो एलान-ए-जंग का आगाज जिला प्रशासन से किया है उसमें नदबई निर्वाचन क्षेत्र के हर जाति और बिरादरी के लोग उनके साथ खड़े हैं क्योंकि मामला बांध का है, बांध में पानी आता है तो पूरे इलाके के जल के स्तर में भी वृद्धि होती है इसके अलावा बांध का पानी खेती और पशुओं के काम में भी आएगा इसलिए हर व्यक्ति अवाना के इस संघर्ष में खुद को शामिल बताता है।

**हजारों लोग सड़कों पर उतरने के लिए तैयार**


## क्षेत्र के लोग 'बुलडोजर' के आने का कर रहे हैं इंतजार

प्रदेश की गहलोत सरकार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन की नीति पर काम करना शुरू किया है हाल ही में जिस तरह से पेपर लीक मामले में अपराधी लोगों के ठिकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया उसे देखकर नदबई निर्वाचन क्षेत्र के लोग भी अब यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जल्दी ही जयपुर से बांध के भराव क्षेत्र की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर भेजेंगे। लोगों में यह भी चर्चा है कि जोगिंदर सिंह अवाना और अशोक गहलोत के बीच बहुत ही अच्छे राजनीतिक रिश्ते हैं अवाना जो भी मामला और समस्याएं अपने निर्वाचन क्षेत्र की लेकर गहलोत के पास जाते हैं गहलोत तुरंत अवाना की मांगों को मान लेते हैं इसलिए अब जिस तरह से अवाना ने इस पूरे मामले की जांच करवा कर दोषी अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की पुरजोर मांग राजस्थान विधानसभा में की है उसे देखते हुए नदबई निर्वाचन क्षेत्र के लोग अब गहलोत के बुलडोजर के आने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं।

## पंचांग

दिनांक 17मार्च 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 14:06:24 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | उत्तराषाढा | 26:45:19 |
| योग | वरियान | 06:57:41 |
| योग | परिघ | 27:31:29 |
| करण | विष्टि भद्र | 14:06:24 |
| करण | बव | 24:42:02 |
| चन्द्र राशि | धनु | 10:17:36 |
| चन्द्र राशि | मकर | 10:17:36 |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:35:51 | |
| सूर्यास्त | 18:35:01 | |
| चंद्रोदय | 28:13:18 | |
| चंद्रास्त | 13:48:39 | |
| राहू काल | 11:06-12:35 | |
| अभिजित | 12:11-12:59 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 06:36-08:06 | शुभ |
| लाभ | 08:06-09:36 | शुभ |
| अमृत | 09:36-11:06 | शुभ |
| शुभ | 12:35-14:05 | शुभ |
| चर | 17:05-18:35 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
दशामाता व्रत:-आज
एकादशी व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## ऑपरेशन हुए नेत्र रोगियों को जांच कर दवाइयां दी



गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वाधान में रामअवतार सीताराम अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से 9 मार्च को आयोजित निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर मे ऑपरेशन किये गये रोगियों का फॉलोअप शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शिविर में शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर की टीम ने ऑपरेशन हुये 70 रोगियों की पुनः जांच की जिसमें सभी के नेत्र ज्योति अच्छी पाई गई एवं रोगियों को एक माह तक आंख को धूल धुंआ व धूप से विशेष बचाव रखने की सलाह दी गई तथा क्लब द्वारा सभी को निःशुल्क दवाइयां दी गई। उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल ने बताया रोगियों को 12 अप्रैल को पुनः बुलाया गया है उस समय उन्हें चश्मे वितरित किए जाएंगे।

## माहेश्वरी महिला मंडल जिलाध्यक्ष सीमा कोगटा,जिला सचिव प्रीति लोहिया व कोषाध्यक्ष वंदना बाल्दी निर्वाचित



गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन भीलवाड़ा की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह माहेश्वरी सेवा संस्थान गंगापुर में हुआ। जिला सचिव प्रीति लोहिया ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री ममता मोदानी, प्रमुख अतिथि संयुक्त मंत्री पश्चिमांचल शिखा भदादा ने इस समारोह में संगठन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष सीमा कोगटा,जिला सचिव प्रीति लोहिया,कोषाध्यक्ष वंदना बाल्दी,एवं संगठन मंत्री दिव्या कालिया को शपथ दिला कर कार्यभार सौंपा। चंदा जागेटिया ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनिला अजमेरा ने इस शपथ समारोह को संबोधित किया और महिलाओं को समाज के हर स्तर पर बढ़-चढ़कर सेवा और संस्कार के कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला अध्यक्ष सीमा कोगटा ने बताया कि माहेश्वरी महिला संगठन में नवाचार करते हुए पहली बार किसी तहसील में जिला पदस्थापना कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में फाग महोत्सव फूलों की होली और कॉमेडी क्वीन प्रतियोगिता भी रखी गई कार्यक्रम में नगर माहेश्वरी महिला मंडल गंगापुर की अध्यक्ष चंदा जागेटिया, सचिव सीमा समदानी व कोषाध्यक्ष चंदा काबरा को भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मधु मूंदड़ा, हंसा मूंदड़ा, निशा समदानी, अनीता मूंदड़ा, ज्योति सोमानी,अंजलि सोमानी सहित जिले के सभी माहेश्वरी महिला मंडल से 150 से अधिक महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में आभार सीमा समदानी ने प्रेषित किया और संचालन मीनू झंवर ने किया।

बनी बात...

## चौमूं उपखण्ड अधिकारी राजेश जाखड़ की सकारात्मक वार्ता से विद्युत विभाग व नगर पालिका में हुआ समझौता

### दो दिन के अंधेरे के बाद रोशनी से गुलजार होगी चौमूं की सड़के

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** चौमूं नगरपालिका पर बिजली के बिलों की 14.36 करोड़ की बकाया राशि के चलते विद्युत विभाग ने मंगलवार को नगरपालिका शहर की करीब 2 दर्जन से अधिक रोड लाइटों के कनेक्शन काटे जाने के बाद चौमूं शहर मंगलवार व बुधवार 2 दिनों तक अंधेरे में डूबा रहा' शहर के अंधेरे में डूबे होने के चलते जहां एक ओर शहर के आम जन को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर विधुत विभाग व नगरपालिका के बीच बिजली के बिलों को लेकर उपजे विवाद को बुधवार को विधायक राम लाल शर्मा ने विधानसभा सदन में रखा ' विधायक शर्मा ने सदन में प्रदेश कांग्रेस के विकास कार्यो पर चुटकी ली व चौमूं नगरपालिका में 21 बार इओ के तबादलों से लेकर चौमूं नगरपालिका द्वारा किये कार्यो की साख पर कई सवालिया निशान खडे किए ' साथ ही विधानसभा में चौमूं नगरपालिका का भ्रष्टाचार भी जगजाहिर कर दिया ' बात यहीं खत्म नही हुई इस उपजे विवाद की वजह से दूसरे दिन बुधवार को भी शहर की सड़को पर अंधेरा पसरा रहा ' मामले की गंभीरता को देखते हुए चौमूं उपखण्ड अधिकारी राजेश जाखड़ ने मामले में दखलअंदाजी करते हुए गुरुवार को विधुत विभाग के एक्सईएन केके पारीक जेइएन सुरेंद्र दायमा व नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी जितेन्द्र मीणा के बीच मामले को लेकर आपसी समझौता करवाया ' समझौते के चलते विद्युत विभाग ने फिलहाल तो काटे गए कनेक्शनों को पुनः जोड़ने का कार्य शुरू कर कर दिया है, पर यदि नगर पालिका द्वारा जल्द ही बकाया बिलों की राशि भुगतान नही किया तो क्या विधुत विभाग फिर से रोड लाईटो के कनेक्शन काटने का एक्शन लेगा ' खैर इस प्रश्न को हम भविष्य पर ही छोड़ दें तो ज्यादा बेहतर होगा फिलहाल तो शहर की सड़के 2 दिन के गहरे अंधेरे के सन्नाटे से बाहर निकलकर रोशनी से जगमगाती नजर आएगी ' जिससे आमजन को हो रही अंधेरे की परेशानियों से निजात मिलेगी।

**बिजली के बिलों के 14.36 करोड़ के बकाया भुगतान राशि में से नगर पालिका ने 50 लाख रुपए की राशि जमा करवा कर किया समझौता**

**इनका कहना है...**

"नगरपालिका पर बिजली के बिलों की 14.36 करोड़ रुपए की बकाया राशि निकाली गई थी ' जो मार्च 2017 से अब तक की बकाया राशि है ' मार्च 2017 से मार्च 2022 तक के बकाया बिलों का भुगतान करने की जिम्मेदारी डीएलबी ने ली है एवं मार्च 2022 से अब तक के बिलों का भुगतान नगरपालिका द्वारा किया जाना है जो करीब 4 से 4.50 करोड़ है जिसमें से आज नगर पालिका ने विभाग में 50 लाख रुपए जमा करवा दिए है ' उक्त शेष राशि शीघ्र ही जमा करवाने के निर्देश नगर पालिका दिए गए हैं' "

**विजय सिंह मीणा**
**एईएन जेवीवीएनएल-1**

## आसींद बदनोर पत्रकार संघ की मीटिंग हुई आयोजित नई कार्यकारिणी की गई गटित



गरीबों का सितारा

**आसींद।** भीलवाड़ा आसींद उपखंड क्षेत्र के महाप्रज्ञ कॉलेज में गुरुवार को आसींद बदनोर पत्रकार संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी गठित की गई इस मौके पर संरक्षक जसवंत सिंह सिसोदिया अध्यक्ष अशोक श्रीमाल को बनाया गया वही कार्यकारिणी गठित करते हुए मीडिया प्रभारी सांवर मल शर्मा जिला प्रतिनिधि रोहित सोनी दिनेश साहू मनोनीत सदस्य सुरेंद्र संचेती मीडिया कानूनी सलाहकार प्रकाश चंद्र मेघवंशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष निसार अहमद शेख सम्पत शर्मा उपाध्यक्ष हेमंत सिंह पवार सुरेश चंद्र मेघवंशी महासचिव जसवंत सिंह सुरावत सचिव दशरथ सिंह सिसोदिया कोषाध्यक्ष परमवीर सिंह राठौड़ सहकोषाध्यक्ष शक्ति सिंह पवार संगठन मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा मुकेश रैगर अविनाश चंदेल को बनाया गया वही कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिला प्रतिनिधि रोहित सोनी ने बताया कि नई कार्यकारिणी को बधाई दी एवं जल्दी ही रजिस्ट्रेशन करने के बारे में बताया हर 3 माह में एक मीटिंग का आयोजन करने के बारे में चर्चा की अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया कि जल्दी ही सभी पत्रकार साथियों को नया भवन दिलाने एवम संगठन को मजबूत किया जाएगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

# विधायक राम लाल शर्मा के प्रयासों से शहर की सड़को पर फिर से होगी रोशनी

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** नगरपालिका चौमूं के बकाया बिलों को लेकर विद्युत विभाग द्वारा रोड लाइटों के काटे गए कनेक्शनों से पिछले दो दिनों से शहर की सड़कों पर पसरे अँधेरे को लेकर विधायक रामलाल शर्मा की प्रयासों से विद्युत विभाग द्वारा पुनः कनेक्शन चालू किए जाएंगे। विधायक शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को राजस्थान विधानसभा में विद्युत विभाग द्वारा काटे गए कनेक्शनों का मामला उठाया था और सरकार को इस ओर तत्काल ध्यान देने के लिए माँग की थी। इसके बाद गुरुवार को विधायक रामलाल शर्मा ने जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिलकर नगर पालिका चौमूं में रोड लाइटों के कनेक्शन काटने के मामले को लेकर मुलाकात की। इस पर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीणा और विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विमल माचीवाल को तत्काल रोड लाइटों के कनेक्शन पुनः जोड़ने के लिए निर्देशित किया और विधायक रामलाल शर्मा को आश्वस्त किया कि आज से रोड लाइटें पुनः शुरू कर दी जाएगी। जिससे शहर की सड़कों पर पसरे अंधेरे से शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी।

**विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा में उठाया था मामला तथा जिला कलेक्टर से मुलाकात कर रोड लाइटों के कनेक्शन तत्काल जोड़ने की थी माँग**



# दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन के पोस्टर का हुआ विमोचन

## होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी होगा आयोजन




गरीबों का सितारा

**चौमूं।** शहर के सामोद रोड स्थित विनय रिसोर्ट गार्डन में गुरुवार को सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान संघ बैनर तले आयोजित होने वाले 18 व 19 मार्च दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन व होली मिलन समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर आगामी 18 व 19 मार्च को दो दिवसीय सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान के बैनर तले वार्षिक महाधिवेशन एवं होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन होगा। सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया कि सैनी समाज के कर्मचारियों व अधिकारियों का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। और इस कार्यक्रम में सैनी समाज के अधिकारी और कर्मचारी राजस्थान प्रदेश से शामिल होंगे। इस मौके पर लल्लूराम सैनी सदस्य स्टेट एग्रो एग्रीकल्चर डेवलपमेंट बोर्ड, सूरजमल सैनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज, सुरेश कुमार सैनी रेलवे प्रदेश अध्यक्ष सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था, हनुमान प्रसाद सैनी पूर्व अध्यक्ष सैनी कर्मचारी संघ,सैनी माली समाज अध्यक्ष घीसालाल सैनी, विनय रिसोर्ट डायरेक्टर औमप्रकाश बैनाड़िया, अभिषेक सैनी, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव प्रवीण सैनी, हीरालाल पाच्यां, पार्षद सायरमल तंवर, दीपक तंवर, सैनी कर्मचारी तहसील अध्यक्ष अमित सैनी, रतनलाल सैनी सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे।

# युवा एकता मंच द्वारा पुनित कॉलेज प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

गरीबों का सितारा



**भीलवाड़ा/ चीफ प्रहलाद तेली।** भीलवाडा जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर व विधानसभा अध्यक्ष बनवारी गाडरी के नेतृत्व में सूचना केन्द्र चौराहे पर पुनित कॉलेज प्रशासन के लिए सद्बुद्धि यज्ञ कर छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने की भगवान से प्रार्थना की युवा नेता रोहित वैष्णव ने बताया कि पुनित कॉलेज द्वारा पूर्व में बी.एड. की छात्राओं से निजी कार्य करवाये जाने, निजी कार्य में रूप में स्कूल के बाहर पेम्पलेट बटवाये जाने, मना करने पर फेल करने, नम्बर कम करने, उपस्थिति कम करने, विरोध करने पर धमकिया देने आदि को लेकर पूर्व में ज्ञापन देने के बावजूद पुनित कॉलेज के उच्चे रसोकात होने से कोई कार्यवाही नहीं हुई। विरोध स्वरूप मंच के पदाधिकारियों द्वारा कॉलेज प्रशासन के लिए सद्बुद्धि यज्ञ करके भगवान से प्रार्थना की गई कि कॉलेज प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि कॉलेज द्वारा भविष्य में छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ऐसा अशोभनीय कार्य नहीं किया जावें इस दौरान शहर अध्यक्ष पूरण गाडरी, मुरली लक्षकार, अभिषेक, धर्मराज, राहुल, बाबू, संजय, विशाल, राहुल, बबलू, अभिषेक, चेतन, सूरज, तरूण, साहिल, अल्ताफ, रघुवीर, मोहन, रूद्र, बिट्टू, गोविन्द, किशन, कान्हा, सत्यम्, पूरण, देबीलाल, बंटी, धीरज, करण, रोशन, राहुल, राजा, गौरव, हिमांशु, दीपक, ओम, शुभम, कान्हा, प्रशान्त, सुरेश आदि उपस्थित थे।

# श्री गांधी कन्या महाविद्यालय की मेघावी छात्रा योजना में 10 छात्राओं को स्कूटी मिलेगी!

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय श्री गांधी कन्या महाविद्यालय की 10 छात्राओं का काली बाई मील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में अन्तरिम रूप से हुआ चयन! प्राचार्य किरण शर्मा ने बताया कि स्थानीय महाविद्यालय से कुल 15 छात्राओं ने काली बाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना वर्ष 2021-22 के लिए आवेदन किया जिनमें 10 मेघावी छात्राओं का अन्तरिम रूप से चयन स्कूटी योजना के लिए हुआ अन्तरिम रूप से चयनित छात्राओं में प्रिया कंवर पुत्री श्री भंवरसिंह, पायल कंवर राठौड पुत्री श्री भंवरसिंह, आरती सोनी पुत्री प्रकाश सोनी, निरमा जाट पुत्री रणजीत जाट, खुशबु दरोगा पुत्री सुमेर सिंह, पुजा तेली पुत्री कन्हैया लाल, प्रियंका खटीक पुत्री सत्यनारायण खटीक, वंदना कंवर पुत्री शिवराज सिंह, अन्नु पुत्री महावीर, सरोज प्रजापत पुत्री प्रहलाद प्रजापत है!

# स्वामी विवेकानंद मोडल विधालय रैणी मे कक्षा-6 से 8 वी तक की प्रवेश प्रक्रिया 08 मार्च से है प्रारम्भ

गरीबों का सितारा







**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिले के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित स्वामी विवेकानंद मोडल विधालय-रैणी मे 08 मार्च 2023 से कक्षा 6 से 8 तक की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है , इच्छुक अभिभावक विधालय मे जाकर अपने बच्चो के लिए प्रवेश फार्म लेकर उसकी तमाम पूर्ति कर विधालय मे जमा करा सकते है। मिडिया को स्थानीय प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा बताया है कि कक्षा-6 की सभी 80 सीटो पर प्रवेश लिये जा रहे है तथा कक्षा 7 व 8 मे रिक्त सीटो पर प्रवेश लिये जा रहे है कोई भी इच्छुक अभ्यर्थी विधालय मे आकर आवेदन फार्म लेकर सकता है जो 08 मार्च से लगातार वितरण किए जा रहे है तथा प्रवेश प्रक्रिया मे मूल निवास , जाति प्रमाण पत्र और विधार्थी का व विधार्थी के माता-पिता दोनो का आधार कार्ड और जनाधार कार्ड आय प्रमाण पत्र और ब्लड ग्रुप रिपोर्ट तथा वर्तमान कक्षा मे अध्ययनरत प्रमाण पत्र , बैक अकाउंट , दो पास पोर्ट फोटो सहित सभी की सत्यापित प्रति जमा करावे। प्रधानाचार्य शर्मा ने बताया कि मोडल स्कूल रैणी ब्लॉक का एकमात्र सीबीएसई एफिलिएटिड एकमात्र इंग्लिश मिडियम राजकीय स्कूल है जहा उच्च गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। जिसमे वैज्ञानिक नवाचार हेतु सम्पूर्ण सुविधायुक्त अटल टिकटिंग लैब, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास रूम , पूर्ण वाई फाई कैम्पस , सुसज्जित लाईब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे , आर ओ वाटर , सम्पूर्ण खेल सुविधाओ युक्त एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाला इंग्लिश मिडियम सीबीएसई एफिलिएटिड राजकीय स्कूल है। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा दी गई है।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षाएं हुई शुरू

## गुरूवार को हुई 10 के विधार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा

गरीबों का सितारा





**रैणी(अलवर), महेश चन्द मीना।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वी परीक्षाऐ गुरूवार से समूचे प्रदेश मे शुरू हो गई है , मिडिया को रैणी सरकारी सीनियर स्कूल के केंद्र अधीक्षक व प्रधानाचार्य तिलक राज इन्दौरिया ने मिडिया को बताया कि गुरूवार को 10 कक्षा के विधार्थियो का अंग्रेजी विषय का पेपर है और हमारे परीक्षा केन्द्र पर कुल 258 विधार्थी पंजीकृत है जिनमे से 258 ही उपस्थित रहे है और परीक्षा समय प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक है तथा परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई। इसी तरह से रैणी कस्बे मे स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य व केन्द्र अधीक्षक राज शर्मा ने बताया कि स्थानीय गर्ल्स सीनियर स्कूल मे भी कक्षा-10 के सभी विधार्थियो की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई तथा कुल पंजीकृत विधार्थी 84 थे जिनमे से 01 एनएसओ तथा 83 विधार्थियो ने उपस्थित होकर परीक्षा दी और गर्ल्स स्कूल मे मिडिया को यह जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य राज शर्मा के द्वारा दी गई।

# ईएमआरएस पाटन मे कक्षा-12 के विधार्थियो ने सामुहिक रूप से फाईकस पौधारोपण किया

गरीबों का सितारा




**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाटन मुख्यालय पर स्थित राजकीय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल-पाटन मे गुरुवार को कक्षा-12 के विधार्थियो ने अपनी यादगार मे दोनो होस्टलो मे सामुहिक रूप से अपनी यादगार मे और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान मे रखते हुए फाईकस पौधारोपण किया गया। जिससे सभी बालक/बालिकाओ को भविष्य के लिए भी ऐसी ही सीख मिले और हर वर्ष कम से कम 5-7 पौधारोपण भी ऐसे होते रहेंगे तो आगामी समय मे बहुत सारे पौधे दरखत होकर वृक्ष बन जायेगे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य सुआलाल मीना के द्वारा दी गई है।

# महिला सशक्तिकरण : अवसर एवं चुनौतियां विषय पर पैनल चर्चा एवं मातृशक्ति का सम्मान

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** शक्ति का अवतार है नारी, धैर्य का भंडार है नारी, हर रिश्ते को सार्थक करती, संसार का अभिमान है नारी। कुछ ऐसे ही भाव आज स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विमेन सेल एवं अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आयोजित इंटरनेशनल विमेन डे के अवसर पर पैनल चर्चा के दौरान उभर कर आए कि स्त्री नारायणी रूपा होकर सर्वत्र पूजनीय है एवं आज वह प्रत्येक क्षेत्र में अपनी क्षमता एवं साहस से विशिष्ट स्थान बना चुकी है। वह अपनी चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार कर सीढ़ी दर सीढ़ी निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। पैनल चर्चा का मॉडरेशन अल्ट्राटेक के रीजनल हेड श्री गिरीश भारद्वाज द्वारा किया गया जिसमें डॉक्टर कनिका कालिया ( डायरेक्टर बी आई एस ) ने बताया कि उनकी टीम द्वारा किए गए कार्यों को आज राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना व सराहा जाता है। श्रीमती नेहा खुल्लर ( रोड सेफ्टी ऑडिटर ) ने स्वीकारा की स्त्रियों को आज भी उनके ज्ञान की अपेक्षा उनके परिधान से आंका जाता है। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं आर ए एस डॉ शालिनी शर्मा ने स्त्री पुरुष की सहभागिता, स्त्रियों को कानूनी जानकारी की आवश्यकता एवं नारी को भी अपनी गरिमा एवं आदर्शों के अनुरूप समुचित एवं सशक्त व्यवहार करने पर बल दिया। आर्किटेक्ट श्रीमती रेनू गर्ग ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में प्रारंभिक चुनौतियों का सामना करके स्त्री एक सम्मानित स्थान अर्जित कर सकती है। पैनल चर्चा के उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुखतया डॉ मृदुल भसीन (मुस्कान एनजीओ), श्रीमती रचना मील ( रजिस्ट्रार एस के आई टी), स्क्वाड्रन लीडर विभूति मंगल, सुश्री आस्था खंडेलवाल ( मिस राजस्थान ) रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध माथुर ( एसोसिएट प्रोफेसर-सिविल ) द्वारा किया गया। अंत में डॉ संगीता गुप्ता ( समन्वयक-विमेन सेल ) ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लोगों की लिए वरदान : डॉक्टर सिंह

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से अभिभूत है साथ ही देखा जाए तो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अपने भागमभाग की जिंदगी में अपने स्वयं को भी भुला चुका है साथ ही यह कहने में लेश मात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए कि मनुष्य कितना भी भागे जब तक वह शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है तब तक आनंदमय जीवन से लाखों कोसों दूर ही परिलक्षित नजर आएगा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य अनेक प्रकार की बीमारियों से रोग ग्रस्त ही नजर आता है जिसका परिणाम यह है कि वे प्रतिदिन मेडिसन के इर्द-गिर्द ही घूमता हुआ दिखाई देता है आज कलमकार का दृष्टांत एक ऐसे चिकित्सा की ओर संकेत कर रहा है जो बिल्कुल ही निशुल्क है अर्थात दंत चिकित्सा के क्षेत्र में परामर्श से लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी बिल्कुल निशुल्क है वैसे देखा जाए तो डॉक्टर बिना फीस के तो परामर्श भी नहीं देता है लेकिन सेदडा रोड स्थित राधा राधा फार्मा पर एक ऐसा डेंटल केयर लगा है जो निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाता है इस शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में दूरदराज से आने वाले रोगियों को निशुल्क परामर्श से लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हैं दांत निकालने से लेकर दांतों में मसाला भरने तक फ्री सेवा दी जाती है वास्तव में वर्तमान युग में इस तरह के चिकित्सक थे उन सभी रोगियों के लिए भगवान है।

# एक दिवसीय नि:शुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन




गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** रेबीज कंट्रोल यूनिट,पशुपालन विभाग,अजमेर की ओर से गुरुवार को राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय ब्यावर में एक दिवसीय निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया डॉ जावेद हुसैन ने बताया कि उक्त शिविर में 26 पालतू श्वान तथा बिल्लियों में रेबीज रोग से बचाव हेतु निशुल्क रेबीज के टीके लगाए गए शिविर में रेबीज कंट्रोल यूनिट,अजमेर प्रभारी डॉ० नीरजा दीक्षित,पशुधन सहायक ऋषिता रैना,अजमेर, उषा चौधरी,मोना कुमारी जाट,नीतू रणवा आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# "हीटिंग,वेंटिलेशन एंड एयर कंडीशनिंग" पर तीन दिवसीय वर्कशॉप शुरू



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल विभाग की ओर से गुरुवार से "हीटिंग,वेंटिलेशन एंड एयर कंडीशनिंग" विषय पर तीन दिवसीय वर्कशॉप की शुरूआत की गई। पहले दिन एक्सपर्ट्स के रूप मे इरफान जुबेरी ने फायर सेफ्टी तथा प्रोटेक्शन सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान मैकेनिकल विभागाध्यक्ष प्रो. धीरज जोशी तथा सिविल विभागाध्यक्ष प्रो.डी.के.शर्मा ने आये हुए एक्सपर्ट्स का स्वागत किया । प्रो. आशीष नय्यर, समन्वयक अमित कुमार बंसल तथा सचिव विनय सिंह मारवाल के साथ बड़ी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित हुए।

# हुरडा प्रधान राठौड़ ने विधालय में प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** रा उ प्रा वि हुरड़ा में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग यू डी एल प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प.स. हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, विशिष्ठ अतिथि हीरालाल गुर्जर जिला कांग्रेस किसान उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मजदूर इंटक जिला संगठन मंत्री, व अतिथि पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र सिंह गहलोत, पूर्व पीईईओ कालूराम भांबी, शिक्षाविद सुरेश वैष्णव व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने की। अतिथियों ने मां शारदे के दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण में एम टी पवन कुमार जोशी एवं कल्पित चतुवेर्दी ने प्रशिक्षण की भूमिका के बारे में जानकारी दी । प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं एवं सामान्य बालक बालिकाओं में भेदभाव नहीं करना चाहिए एवं ऐसे बच्चों के स्नेह एवं आनंदमय वातावरण में शिक्षा प्रदान करावे' अतिथि हीरालाल गुर्जर ने शिक्षक बच्चों में संस्कारित शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ संस्कारवान समाज का निर्माण करने की शिक्षा प्रदान करावे ' पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र सिंह गहलोत ने यूडीएल के उद्देश्य एवं आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी । पूर्व पीईईओ कालूराम भांबी यूडीएल की जानकारी ,इसके महत्व, विकलांगता के प्रकार आदि के बारे में जानकारी दी ' प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं नवाचारो के माध्यम से शिक्षकों को सीखने को मिलता है ,प्रशिक्षण में ब्लॉक हुरडा एवं आसींद से 54 संभागी भाग ले रहे हैं। आज का प्रतिवेदन अध्यापिका चंदा पाराशर ने प्रस्तुत किया, साथ ही अपनी कविताओं द्वारा संभागीयो को भावविभोर किया' प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# संसद में पक्ष-विपक्ष दोनों का हंगामा चिंताजनक

संसद में गतिरोध बने रहना चिंताजनक है। खास बात है कि इस बार संसद में गतिरोध बनाए रखने में सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों समान रूप से शामिल हैं। नहीं तो अधिकतर मौके पर विपक्ष के हंगामे के चलते संसद में बाधा उत्पन्न होती है। सत्ता पक्ष के सदस्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान के विरोध में सदन में हंगामा कर रहे हैं, तो विपक्षी सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर हंगामा कर रहे हैं। दोनों ओर से हंगामे के चलते बृहस्पतिवार को दोनों सदनों की बैठक पूरे दिन तीन-तीन मिनट भी नहीं चल सकी। बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होने के साथ ही दोनों सदनों में गतिरोध कायम है, क्योंकि सत्ता पक्ष के सदस्य जहां गांधी से माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं, वहीं अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग पर विपक्षी सदस्य हंगामा कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के बाद पहली बार भोजनावकाश के बाद सदन में उपस्थित थे। ब्रिटेन में उनके बयान को लेकर उठे विवाद के बाद वह पहली बार सदन में आये थे। सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि सदन चले। बजट सत्र के इस दूसरे चरण में बजट पर चर्चा होनी चाहिए थी और इसमें विपक्ष को उल्लेखनीय भूमिका निभानी चाहिए थी। पर ऐसा हो नहीं रहा है। जहां सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी से माफी मंगवाने को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है, वहीं विपक्ष ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को। बजट सत्र का दूसरा चरण बेहद अहम होता है, जिसमें पेश किए गए आम बजट पर बिंदुवार चर्चा होती है, इससे बजट को परिष्कृत करने का अवसर मिलता है। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है। सरकार को संसद का चलना सुनिश्चित करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है कि जब संसद में गतिरोध कायम है। पिछले दो दशक का इतिहास रहा है कि संसद में काम कम और हंगामा अधिक हुआ है। संसद में गतिरोध बने रहने से कामकाज प्रभावित होता है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को चाहिए कि वे अपने विशेधाधिकार का प्रयोग करते हुए सदन में बाधा उत्पन्न कर रहे सांसदों पर नकेल कसें। लोकसभा अध्यक्ष की अपील का भी असर नहीं हो रहा है तो, सख्त कार्रवाई जरूरी है। सभी सांसदों को सदन की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। सवाल है कि क्या विपक्ष बजट पर चर्चा नहीं करना चाहते, क्या वे प्रश्नकाल नहीं चलने देना चाहते हैं? सदन चर्चा के लिए है। सत्ता पक्ष को भी विपक्ष की जायज मांग पर गौर करना चाहिए और स्वस्थ बहस का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। मांग के बदले मांग की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी के लंदन में लोकतंत्र पर बयान के लिए बेशक कांग्रेस नेता गलती स्वीकारने को तैयार नहीं हैं, लेकिन हकीकत में राहुल के बड़बोलेपन से भारतीय लोकतंत्र की छवि को नुकसान पहुंचा है और माफी मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता है। राहुल गांधी का यह भी बड़बोलापन है कि देश में लोकतंत्र बरकरार है व उन्हें संसद में बोलने का मौका मिलना चाहिए। एक चुने हुए सांसद के ऐसे बयान सियासी शिगूफा से अधिक कुछ नहीं है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण पिछली चार बैठकों में दोनों सदनों में एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाए हैं। संसद चले, यही देशहित है। सरकार को हंगामे में संसद सत्र को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए।



बैंकिंग
सतीश सिंह

# एसवीबी के डूबने का असर भारत में नहीं

**इसमें दो राय नहीं है कि एसवीबी ने भारतीय स्टार्टअप्स को कर्ज दिये हैं और भारतीय स्टार्टअप्स ने एसवीबी में पैसे भी जमा किए हैं। फिर भी, यह मानना मुनासिब होगा कि भारत के वैसे स्टार्टअप, जिनका कारोबार अमेरिका में है उन पर एसवीबी के डूबने का आंशिक असर पड़ सकता है। दोनों अमेरिकी बैंकों के डूबने का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव भारतीय बैंकों पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय बैंकों का कारोबार एसवीबी या सिग्नेचर बैंक के साथ नहीं है। भले इन दोनों अमेरिकी बैंकों के डूबने का भारत पर न्यून प्रभाव पड़े, लेकिन यह सच है कि इसका प्रभाव कुछ देशों पर जरूर पड़ेगा, क्योंकि अनेक देश के स्टार्टअप एसवीबी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए थे।**

अमेरिका के दो बड़े बैंक सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) और सिग्नेचर बैंक के बंद होने के बाद भारतीय स्टार्टअप और भारतीय बैंकों पर इसका कितना और कैसा प्रभाव पड़ेगा, के बारे में भारत में आकलन करने की कोशिश की जा रही है? एसवीबी मुख्य तौर पर स्टार्टअप ग्राहकों से जमा लेने के अलावा स्टार्टअप कंपनियों, उद्यम पूंजीपतियों और प्रौद्योगिकी कंपनियों को कर्ज मुहैया करवाने का काम करता था,जबकि सिग्नेचर बैंक जमा लेने के अलावा मुख्य तौर पर रियल एस्टेट क्षेत्र को ऋण देने का काम करता था। सिग्नेचर बैंक के पास क्रिप्टो करेंसी के ज्यादा स्टॉक थे, जिसके जोखिम आजकल लगातार बढ़ रहे हैं। बैंक का जोखिम सीमा से अधिक न बढ़ जाये, इसलिए सरकार ने इसे बंद कर दिया।

एसवीबी की शुरुआत 1983 में कैलिफोर्निया के सैंटा क्लारा में हुई थी। वर्ष 2021 तक इससे 50 प्रतिशत अमेरिकी उद्यम-समर्थित स्टार्टअप जुड़े हुए थे। स्टार्टअप एवं टेक कंपनियों के अलावा, इसने वीओएक्स मीडिया जैसी मीडिया कंपनियों को भी सेवा मुहैया कराई। कई क्रिप्टोकरेंसी कंपनियों की रकम भी इस बैंक में जमा थी। यह बैंक कर्ज देने के अलावा निवेश के माध्यम से मुनाफा कमाता था। इस बैंक के डूबने के प्रमुख कारकों में, टेक कंपनियों के शेयरों की कीमत में भारी कमी आना, महंगाई के बढ़ने के कारण फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में भारी इजाफा करना आदि है। एसवीबी के अधिकांश ग्राहक बड़े टेक कारोबारी हैं, जब इनके शेयरों की कीमत में गिरावट आई तो इन्हें कारोबार करने के लिए ज्यादा नकदी की जरूरत आन पड़ी, जिसे पूरा करने के लिए ये अपने बैंक जमा से निकासी करने लगे। इसके अलावा लाभ नहीं अर्जित करने वाली कंपनियों को दूसरे जगह से उधारी मिलना बंद हो गया, जिसके कारण वे अपने कारोबार को चलाने के लिए अपनी जमा-पूंजी की निकासी बैंक से करने लगे। एसवीबी से जब अधिक निकासी की जाने लगी तो बैंक को ग्राहकों की नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी परिसंपत्तियों को बेचना पड़ा। बावजूद इसके, वे जमाकर्ताओं की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे थे।

एसवीबी ने बड़ी मात्रा में बॉन्ड जैसे सुरक्षित विकल्पों में सस्ती दर में निवेश की थी,लेकिन पैसों की जरूरत को पूरा करने के लिए बैंक को अचानक से अपने बॉन्ड को घाटे में बेचना पड़ा। वर्ष 2008 की मंदी के बाद, अमेरिका में ब्याज दरें काफी नीचे आ गई थीं। बैंक ने उस समय लंबी अवधि के लिए ऋण सस्ती दर पर दी थी,लेकिन अब ऊँची ब्याज दर के दौर में बैंक को मंहगी दर पर पूँजी इकठ्ठा करना पड़ रहा था,जिससे बैंक का असेट-लाईबिलिटी मिसमैच हो गया और बैंक का मुनाफा सिकुड़ने लगा साथ ही साथ बैंक को तरलता के संकट से भी जूझना पड़ रहा था।

निकासी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एसवीबी ने 8 मार्च को तरलता सुनिश्चित करने के लिए 1.8 अरब डॉलर के नुकसान पर 21 अरब डॉलर की प्रतिभूतियां बेची और 2.2 अरब डॉलर मूल्य के शेयर बेचने की भी योजना बना रहा था। चूँकि, बैंक की




वित्तीय स्थिति बेहद ही खराब हो गई थी,इसलिए, सरकार ने इसे बंद करने का निर्णय लिया, ताकि इसका नकारात्मक प्रभाव दूसरे बैंकों और ग्राहकों पर नहीं पड़े।

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर यह आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका के दोनों बैंकों के दिवालिया होने से भारत के स्टार्टअप पर या भारतीय बैंकों पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है? वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या वर्ष 2016 की 452 से बढ़कर वर्ष 2022 में 84,012 हो गई है और इसकी मदद से देश में 8,40,000 से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। भारत में कितने स्टार्टअप ने एसवीबी से कर्ज ले रखा है, इसके ठीक-ठीक आंकड़ें उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन माना जा रहा है कि भारत के लगभग 1,000 स्टार्टअप्स के रकम एसवीबी में जमा हो सकते हैं, क्योंकि भारत के कई स्टार्टअप का कारोबार अमेरिका में है। इसके अलावा, एक अनुमान के अनुसार सिलिकॉन वैली में हर तीसरे स्टार्टअप के संस्थापक भारतीय-अमेरिकी हैं।

दोनों अमेरिकी बैंकों के दिवालिया होने के बाद फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन (एफडीआईसी) को उनका रिसीवर नियुक्त किया गया है, ताकि जमाकर्ताओं के मन में किसी प्रकार डर पैदा न हो और वे अपने पैसों की निकासी सुचारु रूप से कर सकें। एफडीआईसी ने 2,50,000 डॉलर की जमा का ही बीमा किया है। इसलिए इस राशि तक या इससे कम जमा करने वाले ग्राहकों को पैसा वापस मिल जाएगा। चूंकि, दोनों बैंकों के ग्राहक बड़े कारोबारी हैं, इसलिए, कई ग्राहकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि उनका बैंक में जमा 2,50,000 डॉलर से अधिक हो सकता है। अमेरिकी सरकार को वाई कॉम्बिनेटर द्वारा सौंपी गई याचिका के अनुसार, एसवीबी में लगभग 10,000 कारोबारियों के पैसे जमा थे। चूँकि, आगामी 30 दिनों में बैंक सभी का भुगतान करने में सक्षम नहीं है, इसलिए,समय पर पैसे नहीं मिलने पर स्टार्टअप कंपनियों को अपने कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ सकती है। एक अनुमान के अनुसार, दोनों अमेरिकी बैंक के डूबने से 1 लाख से अधिक लोगों की नौकरी जा सकती है।

एक अनुमान के अनुसार भारत की तरह इन दोनों अमेरिकी बैंकों को वहाँ की सरकार बचाने की कोशिश नहीं करेगी, क्योंकि एसवीबी के अधिकांश ग्राहक अच्छी फंडिंग वाले टेक और स्टार्टअप कंपनियाँ हैं, जो चुनाव में सरकार की वोट प्रतिशत बढ़ाने में असमर्थ हैं। इसलिए, शायद ही इन दोनों बैंकों को बचाने की कोशिश सरकार करे। इसमें दो राय नहीं है कि एसवीबी ने भारतीय स्टार्टअप्स को कर्ज दिये हैं और भारतीय स्टार्टअप्स ने एसवीबी में पैसे भी जमा किए हैं। फिर भी, यह मानना मुनासिब होगा कि भारत के वैसे स्टार्टअप, जिनका कारोबार अमेरिका में है उन पर एसवीबी के डूबने का आंशिक असर पड़ सकता है, क्योंकि एसवीबी के अधिकांश ग्राहक स्टार्टअप हैं। वैसे,दोनों अमेरिकी बैंकों के डूबने का कोई भी प्रतिकूल प्रभाव भारतीय बैंकों पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय बैंकों का कारोबार एसवीबी या सिग्नेचर बैंक के साथ नहीं है। भले इन दोनों अमेरिकी बैंकों के डूबने का भारत पर न्यून प्रभाव पड़े, लेकिन यह सच है कि इसका प्रभाव कुछ देशों पर जरूर पड़ेगा, क्योंकि अनेक देश के स्टार्टअप एसवीबी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए थे। एसवीबी और सिग्नेचर बैंक के डूबने से यह भी साफ हो जाता है कि इन दोनों बैंकों का प्रबंधन सही तरह से अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन नहीं कर रहा था।

(लेखक बैंकिंग के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



चंद्रताल झील समुद्र तल से लगभग 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिमाचल प्रदेश की एक प्रसिद्ध झील है जिसकी गिनती भारत की सबसे खूबसूरत झीलें में भी की जाती है। यह खूबसूरत झील भारत के दो सबसे अधिक ऊंचाई वाले आर्द्रभूमियों में से एक है।


# स्वराज्य के आराधक रहे दयानंद सरस्वती



संकलित
दर्शन

भारत की उत्कृष्ट वैदिक संस्कृति एवं सभ्यता की गरिमामयी विरासत, जो मध्यकाल के तमसाच्छन्न युग में लुप्तप्राय हो गई थी, उसे स्वामी दयानंद सरस्वती ने वैदिक संस्कृति के माध्यम से पुनर्जीवित किया। वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने बंबई (अब मुंबई) में 1875 में आर्य समाज की स्थापना की। महर्षि दयानंद जी ने वेदों को समस्त ज्ञान एवं धर्म के मूल स्रोत तथा प्रामाणिक ग्रंथों के रूप में स्थापित किया। उन्होंने भारतीय जनमानस को पुनः वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने भी स्वामी दयानंद के स्वदेशी के मूल मंतव्य को स्वीकार किया। वे स्वराज्य के सर्वप्रथम संदेशवाहक तथा उद्घोषक थे। स्वाधीनता को स्वामी जी ने राष्ट्र के विकास का मूल साधन स्वीकार किया है। 'अर्चन्ननु स्वराज्यम' अर्थात हम स्वराज्य के आराधक बनें, ऐसा कहने वाले स्वामी दयानंद अपनी मातृभूमि को पराधीनता में जकड़ा देख कर चुप रहें, ऐसा संभव नहीं था। उन्होंने अपने चिंतन और वैचारिक क्रांति के माध्यम से राष्ट्रीयता की प्रचंड ज्वाला का श्रीगणेश किया, जिससे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हुई। वेद मंत्रों के माध्यम से स्वामी दयानंद ने युवा वर्ग के मानस पटल पर मातृभूमि के प्रति बलिदान की ज्वाला उत्पन्न की : 'माता भूमि पुत्रो अहं पृथिव्याः' अर्थात यह भारत भूमि मेरी मां है और मैं उसका पुत्र हूं। 'वयं तुभ्यं बलिहतः स्याम' अर्थात हे मातृभूमि, हम तुझ पर सदा ही बलिदान होने के लिए तैयार रहें। 'राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि' अर्थात हे ईश्वर राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना से मुझे ओतप्रोत करो।

# सूर्य ने हनुमान जी को दिया था वेदों का ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

सूर्य एकमात्र प्रत्यक्ष दिखने वाले देवता हैं और पंचदेवों में से एक है। हनुमान जी ने सूर्य देव को गुरु बनाया था और सभी वेदों का ज्ञान प्राप्त किया था। प्रचलित लोक कथा के अनुसार हनुमान जी जब थोड़े बड़े हुए तो उनके माता-पिता अंजनी और केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास शिक्षा हासिल करने के लिए भेजा था। हनुमान जी सूर्य देव के पास पहुंचे और कहा कि मैं आपका शिष्य बनना चाहता हूं। सूर्य देव ने हनुमान जी की बातें सुनीं और कहा कि मैं तो एक पल भी कहीं ठहर नहीं सकता। मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। हनुमान जी ने कहा कि आप चलते-चलते वेदों का ज्ञान बोलते जाना, मैं आपके साथ चलते-चलते ही ज्ञान प्राप्त कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव तैयार हो गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों का ज्ञान दिया। सूर्य देव की पहली पत्नी का नाम संज्ञा था। यमराज-यमुना संज्ञा और सूर्य देव की संतानें हैं। संज्ञा सूर्य देव का तेज सहन नहीं कर पा रही थीं, तब उन्होंने अपनी छाया को सूर्य देव की सेवा में छोड़ दिया और खुद वहां से पिता के यहां चली गईं। छाया और सूर्य की संतान के रूप में शनि देव का जन्म हुआ। ज्योतिष में कुल नौ ग्रह हैं। सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-केतु। इनमें सूर्य को ग्रहों का राजा माना जाता है। ये ग्रह सिंह राशि का स्वामी है। सूर्य पूजा से कुंडली के कई ग्रह दोष शांत हो सकते हैं।

मुद्दा
सुनील कुमार महला



# वायु प्रदूषण गंभीर चुनौती

हाल ही में वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट-2022 जारी की गई है, इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश बताया गया है। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि टॉप 20 प्रदूषित शहरों में 19 एशिया के हैं और इनमें से 14 हमारे देश के हैं। यह चौंकाने वाला तथ्य है कि टॉप 100 में 72 शहर दक्षिण एशिया के हैं और इनमें भी ज्यादातर भारत,पाकिस्तान और बांग्लादेश के शहर हैं। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर विश्व बैंक ने प्रदूषण में कटौती करने के लिए आने वाले खर्च का एनालिसिस किया है। इसके लिए 2.6 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। रिपोर्ट में दक्षिण एशिया को वायु प्रदूषण का केंद्र बताया गया है। हालांकि एक राहत की बात यह है कि वर्ष 2021 में जहाँ हम प्रदूषण में पांचवे नंबर पर थे , वर्ष 2022 में खिसककर आठवें नंबर पर आ गए हैं, यानी कि प्रदूषण के मामले में पहले की तुलना में कुछ सुधार हुआ है। हवा में प्रदूषण नापने की इकाई यानी कि पी.एम. 2.5 में भी गिरावट आई है। वायु प्रदूषण का सबसे अधिक खतरा बच्चों को है। उनके फेफड़े प्रभावित हो रहे हैं। वायु प्रदूषण से बुजुर्गों, बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें लगातार बढ़ रही हैं। बहुत बार यह देखा जाता है कि वायु प्रदूषण के गंभीर प्लस की श्रेणी में आने के चलते राज्य सरकारों को स्कूल तक बंद करने पड़ जाते हैं। यहाँ तक कि विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के स्कूली बच्चों को प्रदूषण रोधी एन 95 मास्क भी वितरित करने पड़ते हैं। स्कूलों के खुलने की स्थितियों में बाहरी गतिविधियों पर रोक लगानी पड़ती हैं। बहुत बार तो वर्चुअल कक्षाएं लगानी पड़ती हैं। वास्तव में तेजी से जहरीली,प्रदूषित होती हवा का असर कहीं न कहीं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। एक आंकड़े के अनुसार इससे अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 95 अरब डालर या भारत की कुल जीडीपी का करीब तीन प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। हालांकि सरकारें अपने स्तर पर हमारे देश के विभिन्न शहरों को विदेशी शहरों की भांति या उनकी तर्ज पर साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने का संकल्प जताती दिखती हैं, लेकिन धरातलीय सच्चाई कुछ और ही है। वैसे भी वायु प्रदूषण को कम करना किसी सरकार विशेष या व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं है, यह एक सामूहिकता का विषय है। बहरहाल, भारत ने अभी तक वैश्विक मीथेन संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इस समझौते के तहत वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र काप - 26 सम्मेलन में तय किया गया था कि वर्ष 2030 तक सामूहिक रूप से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को वर्ष 2020 के स्तर से कम से कम 30 प्रतिशत कम किया जाएगा। लेकिन यह सब हो नहीं पा रहा है, हालांकि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय प्रदूषण में अभूतपूर्व कमी आई। लेकिन आज सड़कों पर अनगिनत वाहन दौड़ रहे हैं। विकास की आड़ में फैक्ट्रियों का धुंआ, उत्सर्जन कम नहीं हो रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के लिए वर्ष 2070 तक नेट- जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो कि काबिलेतारीफ कदम कहा जा सकता है। एक आंकड़े (द लैंसेट) के अनुसार वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में 16 लाख लोगों की अकाल मौत हुई थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नेताओं के झांसे में न आएं लोग

देश का लोकतंत्र खतरे में है या नहीं, इससे देश की प्रबुद्ध जनता भली-भांति परिचित है। देश की संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में है या नहीं, यह भी पढ़ी-लिखी प्रबुद्ध जनता जानती है। लोकतंत्र को लेकर जो विवाद आजकल गर्म है, उसे राजनीति से प्रेरित कहा जा सकता है। कभी-कभी ऐसा होना भी स्वाभाविक होता है कि किसी ज्वलंत मुद्दे को ढकने के इरादे से किसी और मुद्दे को तूल दिया जाता होगा, जिससे जनता का ध्यान हटाया जा सके। देश की प्रबुद्ध जनता को गुमराह होने से बचने की जरूरत होगी क्योंकि ऐसे मुद्दों को हवा देकर नेता व दल जनता को इसलिए गुमराह करते हैं ताकि उनको इससे राजनीतिक लाभ मिल सके। जनता को यह मानकर चलने की जरूरत होगी कि नेताओं को जनता की चिंता नहीं होती है और उनका अपना स्वार्थ ऊपर होता है। *-रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### नारीशक्ति का आत्मविश्वास



यह नए उभरते भारत की नारीशक्ति का आत्मविश्वास है। जीवन के हर क्षेत्र में आज महिलाएं जिन उपलब्धियों को अपने नाम दर्ज करा रही हैं, वो अमृतकाल में देश के संकल्पों के साकार होने का विश्वास दिलाती हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्पीकर से मिला



आज मैं लोकसभा स्पीकर से मिला और कहा कि चार मंत्रियों ने मेरे ऊपर आरोप लगाया है तो मेरा हक़ है कि मैं उन्हें जवाब दूं. लेकिन मुझे नहीं लगता है कि मुझे बोलने देंगे, पर वो ये बताएं कि अदाणी और मोदी का क्या रिश्ता है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### नीला पक्षी पसंदीदा



मैं नंद घर के छोटे कलाकार पुनीत द्वारा बनाई गई हाथ से पेंट की हुई टाई पहन रहा हूं। ये सिर्फ टाई नहीं मेरे बच्चों का प्यार है जो मैं हमेशा साथ लेकर चलता हूं। मुझे पक्षियों को खेलते देखना अच्छा लगता है। इस टाई पर नीला पक्षी पसंदीदा है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### अलविदा समीर खाखर



नुक्कड़ में उनके प्रतिष्ठित चरित्र के बाद किसी कारण से मुझे कॉलेज में खोपडी उपनाम दिया गया था। उस समय के मेरे सबसे करीबी दोस्त अब भी मुझे खोपड़ी बुलाते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ओजी को अलविदा कहने का समय आ गया है। अलविदा समीर खाखर, तुम्हारा शुक्रिया।

**-हंसल मेहता, फिल्म निर्देशक**




## करंट अफेयर

# पार्वती ताजिकिस्तान में संरा की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर



भारतीय मूल की कविलमदम रामास्वामी पार्वती को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ताजिकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की 'रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर' के तौर पर नियुक्त किया है। पावर्ती ने तुर्किये और अफगानिस्तान में विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभाई थी। गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि पार्वती ने महासचिव द्वारा नियुक्ति और मेजबान सरकार की पुष्टि के बाद बुधवार को ताजिकिस्तान में 'रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर' का पद संभाला। दुजारिक ने कहा, हम अपने 130 'रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर' की नियुक्ति के मामले में पूर्ण लैंगिक समानता बनाए रखने को लेकर अडिग हैं। बयान के अनुसार, पार्वती के पास विकास व मानवीय क्षेत्रों में रणनीतिक योजना तैयार करने, जोखिम प्रबंधन, लोगों से काम कराने, संघर्ष विश्लेषण और मानवीय पहुंच आदि क्षेत्रों में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इससे पहले, पार्वती तुर्किये में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की प्रतिनिधि और कंट्री डायरेक्टर थीं।

## ऑफ बीट

# पांच घंटे से कम नींद लेने पर धमनियों के सिकुड़ने का डर



प्रतिदिन रात में सात से आठ घंटे सोने वालों की तुलना में पांच घंटे से भी कम सोने वाले लोगों के लिए पैरों की तरफ जाने वाली धमनियों के सिकुड़ जाने या बंद हो जाने के रोग 'पीएडी' का खतरा बढ़ जाता है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोगों को पीएडी है। इस बीमारी में हृदय से पैरों की ओर रक्त को ले जाने वाली धमनियां सिकुड़ जाती हैं या बंद हो जाती हैं जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है तथा हृदयाघात का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन के लेखक स्वीडन के कैरालिंस्का इंस्टीट्यूट के शुआई युआन ने कहा, 'हमारा अध्ययन बताता है कि पीएडी का जोखिम घटाने के लिए सात से आठ घंटे सोना अच्छी आदत है'। उन्होंने एक बयान में कहा, 'रात में अपर्याप्त नींद एवं दिन में झपकी लेने से हृदय धमनी रोग का जोखिम बढ़ जाता है तथा पीएडी जैसे बीमारी धमनियों के बंद हो जाने से होती है।' अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि सोने की समस्या पीएडी रोगियों की सबसे बड़ी शिकायतों में एक है तथा पीएडी पर सोने की आदत के असर के बारे में सीमित आंकड़े हैं तथा यह अध्ययन उसी अंतर को भरने का लक्ष्य है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

# 10वीं की परीक्षा शुरू, अंग्रेजी का पेपर आसान होने से परीक्षार्थियों के चेहरों पर खुशी





गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** अजमेर बोर्ड दसवीं कक्षा की परीक्षा गुरुवार को बहरोड ब्लॉक क्षेत्र के 21 केंद्रों पर लगभग 5 हजार विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा का पहला पेपर दिया। जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए 5664 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जबकि ब्लाक में कुल परीक्षा केंद्रों की संख्या 21 रखी गई है। जहां 5 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के प्रश्न पत्रों का विवरण ब्लॉक मुख्यालय पर व प्रश्नपत्र पुलिस थाने में रखवाया गया। 22 दिन चलने वाली यह परीक्षाएं 11 अप्रैल को समाप्त होंगी। बताया कि आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए सामान्य निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि किसी प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी का फोटोग्राफ स्कैन नहीं होने की स्थिति में शाला प्रधान परीक्षार्थी से नवीनतम फोटोग्राफ प्राप्त कर प्रवेश पत्र पर निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाकर अधि प्रमाणित करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ में उनके परिजन नजर आए।

## मून्ना हत्याकांड में मां ने जिला कलेक्टर के समक्ष रखी पीड़ा

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के खोहरी ग्राम में गक्त दिनों संजय यादव उर्फ मून्ना खोहरी गोली हत्या कांड को लेकर मृतक की मां गुरुवार को जिला परिषद अलवर में जनसुनवाई के दौरान जिला प्रमुख व जिला कलेक्टर से बेटे की मौत में सम्लित शेष आरोपियों व उनको सहयोग कर रहे लोगो को पकड़ने की मांग की गई। साथ ही बताया कि मेरे बेटे का नाम उनके मर्डर से पहले ही राशन कार्ड से हटा दिया गया। जिसकी जानकारी हमारे पास नही है। व हमारे घर आने वाले लोगो को धमकी दी जाती हैं। मेरे बेटे के साथ विश्वासघात हुआ है। इस घटना में अन्य लोगों का भी सहयोग है। जिनको पुलिस जल्द गिरफ्तार करें मृतक मां की मांग को लेकर जिला प्रमुख व जिला कलेक्टर ने जल्द घटना में सम्मिलित लोगों की पकड़े जाने का आश्वासन दिया। साथ ही बताया कि मेरे पति भारतीय सेना में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए थे। मेरे बेटे संजय का मैंने अकेले ही पालन-पोषण किया है। अब बड़ा होकर मेरा सहारा बना था जिन्हें बदमाशो ने मेरे से छीन लिया। अब घर में हम 2 महिला व एक छोटा बच्चा रह गया। ऐसे में हमारी सुरक्षा करने वाला अब कोई नहीं है।

## पानी के होद में डूबने से बच्ची की मौत

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के जागुवास रोड स्थित वार्ड नम्बर 26 में गुरुवार को 2 साल 6 माह की बच्ची पानी के टैंक में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोनू सैनी की 2 साल 6 माह की बेटी घर मे बने पानी के टैंक के पास खेलते हुए गिर गई। जिसे घरवालों ने उसे टैंक से निकालकर कैलाश पार्क अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस को झूठी सूचना देने वाला व्यक्ति गिरफ्तार


गरीबो का सितारा



**वी.पी. मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के नायसरना ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने बीती रात्रि को भिवाडी पुलिस कंट्रोल को अपने दो बेटों के द्वारा विषाक्त पदार्थ खाकर सुसाइड करने की झूठी सूचना पर बहरोड़ पुलिस को रातभर घुमाया। जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर रामचंद्र सैनी ने बताया कि भिवाडी कंट्रोल से सूचना मिलने पर बताए गए पते पर पहुँचने पर सूचना देने वाला व्यक्ति 43 वर्षीय राज नारायण पुत्र रामकरण यादव पुलिस को देखकर खेतो में भागने लगा। आसपास लोगो से पूछताछ पर पता लगा की व्यक्ति शराबी है। व शराब पीकर पुलिस को कॉल कर दिया। जिसको पुलिस द्वारा मेडिकल करवाने के बाद शांतिभंग करने के मामले में गिरफ्तार किया गया।

## स्टार्टअप एग्जिबिशन में हुए 25 स्टार्टअप शामिल






गरीबो का सितारा

**जयपुर।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में स्टार्टअप एक्जीबिशन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा, जीवन शैली और सामाजिक कारणों जैसे विभिन्न क्षेत्रो के 25 स्टार्टअप प्रोजेक्ट शोकेस किए गए। कॉपोर्वा बिजनेस एंड फाइनेंस क्लब के सहयोग से आयोजित इस वर्कशॉप में बडी संख्या में स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया एवं स्टार्टअप की क्रिएटिविटी को विजिटर्स को समझाया। इस दौरान पेरेंट्स, आंत्रप्रेन्योर्स समेत विभिन्न तबको से जुडे लोगो ने प्रदर्शिनी का विजिट किया एव स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी की तारीफ की। स्टूडेंट्स ने अपने प्रोग्रामिंग भी अतिथियों के सामने शोकेस किए। जेकेएलयू के स्टूडेंट्स अफेयर्स हैड दीपक सोगानी ने बताया कि यूनिवर्सिटी में इस तरह के क्रिएटिव वर्क नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, जिससे स्टूडेंट्स को सर्वांगीण एक्सपोजर मिल सके।

## उपखंड अधिकारी और ब्लॉक शिक्षाअधिकारी को ज्ञापन सौंपा



गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़ ।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत व संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के संयुक्त नेतृत्व में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करवाने के लिए उपखंड अधिकारी दातारामगढ़ व मुख्य ब्लॉक शिक्षाअधिकारी दातारामगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया ।इस दौरान शेखावत के ब्लॉक अध्यक्ष देवकीनंदन वर्मा, मंत्री जगदीश प्रसाद, संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक चौधरी, जिला मंत्री मनोज भार्गव, बंशी लाल वर्मा, सुनील कुमार शर्मा, मनसुख देवी, गोपाल लाल कीचड़ व अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

गंगापुर के आलोक स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

## सफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करें : सीए जोशी




गरीबों का सितारा

**गंगापुर। दिनेश लक्षकार।** "सफलता एक चुनौती है उसे स्वीकार करना चाहिए असफल होना भी सफलता का एक हिस्सा है पुरस्कार प्राप्ति पड़ाव है मंजिल नहीं "यह बात आशीर्वाद समारोह में अध्यक्षता कर रहे विहिप के जिला सचिव सीए सुनील जोशी ने आलोक विद्या मंदिर में कही। समारोह मुख्य अतिथि बजरंग दल जिला संयोजक शोभा लाल जीनगर ने कहां की बालकों को नियमित रूप से अध्ययन करना चाहिए ताकि उन्हें निश्चित सफलता मिले ।समारोह में विशिष्ट अतिथि सुधीर सोमानी ने कहां कि विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से बालकों की प्रतिभा निखरती है जिससे बालकों का सर्वांगीण विकास होता है। विशिष्ट अतिथि गोपाल झवर ने कहा की प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में एक सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसी लक्ष्य के लिए पूरे मन से प्रयास करना चाहिए। संस्था निदेशक दिनेश लक्षकार ने विद्यालय गतिविधियों के बारे में बताते हुए आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन किया । समारोह में बालकों का शिव तांडव नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा । बालिकाओं ने नृत्य से समां बांध दिया। समारोह में रमेश शर्मा ,नेहा लक्षकार गंगा शर्मा, विदुषी लक्षकार, निर्मला शर्मा ,योगिता मीणा ,साचिन भारद्वाज सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## आरावली एक्सप्रेस रेलगाड़ी हुई बेपटरी बहुत बड़ा हादसा टला, पैसेंजर हुए परेशान



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है उक्त शहर के समीप दोपहर के वक्त खरवा एवं लामाना के पास अरावली एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 14702 बांद्रा से गंगानगर जाते वक्त जनरल बोगी के दो पहिए पटरी से उतरे गनीमत ये रही कि इससे किसी तरह का कोई बड़ा हादसा अथवा जनहानि नहीं हुई लेकिन यात्रियों से भरी इस सवारी गाड़ी में अचानक हुई इस घटना ने एक बार तो यात्रियों का दिल दहला दिया एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन अजमेर से लामाना पहुंची उसके बाद ही ट्रेन गंतव्य स्थान पर जाने के लिए दुरुस्त हुई लेकिन लगभग 2 घंटे तक यात्रियों को काफी दिक्कत एवं परेशानी उठानी पड़ी प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक किसी पशु के आ जाने से उक्त सवारी गाड़ी के दो पहिए पटरी से उतरे लेकिन किसी तरह जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

## मिला राजनीतिक ज्ञान... : महाराणा प्रताप समूह के छात्र-छात्राओं का हुआ संसद दौरा

### संस्थान कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया के मुख्य नेतृत्व में हुआ भ्रमण कार्यक्रम





गरीबों का सितारा

**दिल्ली।** भारतीय संसद एक ऐतिहासिक इमारत है, इसे अन्दर से देखने का हर किसी का यह स्वप्न होता है। ऐसा क्षण आया महाराणा प्रताप एजुकेशन समूह के छात्र-छात्राओं के जीवन में, जब उन्हें ऐसी अध्ययन यात्रा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। वो भी तब जब संसद का बजट सत्र संचालित हो रहा था। समूह के छात्र व छात्रायें इस दुर्लभ क्षण के साक्षी बने। एड्रियल हाई स्कूल रोहिणी, प्रताप इंटरनेशनल स्कूल कानपुर और प्रताप विश्वविद्यालय, जयपुर के छात्र-छात्राओं को यह अनूठा अवसर बुधवार को मिला। समूह के अध्यक्ष व प्रताप विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शैलेन्द्र भदौरिया, विद्यालय की सचिव व प्रताप विश्वविद्यालय की प्रतिकुलाधिपति सुरभि भदौरिया एवं प्रताप विश्वविधालय के कुलपति प्रो. डॉ. अभय कुमार के नेतृत्व में इन तीन संस्थानों के कुछ चयनित छात्रों को यह अवसर प्राप्त हुआ। अधिकांश छात्रों के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। छात्रों ने बजट सत्र को सुना और भारत के प्रतिष्ठित नेताओं के समृ (ज्ञान को आत्मसात किया। उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने का अवसर मिला। छात्रों ने ऐतिहासिक लोकसभा भवन का दौरा किया और इसके इतिहास के बारे में जाना। सत्र के बाद छात्र दिल्ली भ्रमण के लिए निकले। छात्रों ने तस्वीरें लीं और संसद के सुव्यवस्थित पार्क की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लिया।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने गेट पर ताला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** कैलाश त्रिवेदी कन्या महाविद्यालय गंगापुर में छात्राओं ने कॉलेज में पढ़ाने वाले अध्यापकों की नियुक्ति की मांग को लेकर प्रायोगिक परीक्षा का बहिष्कार करके करीब 3 घंटे कॉलेज का गेट बंद करके नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा जिसमें थाना अधिकारी नरेंद्र कुमार जैन और तहसीलदार रतन लाल भील ने छात्राओं को समझाया और शीघ्रता से उनकी मांगे पूरी करवाने का आश्वासन दिया। तब जाकर छात्राओं ने प्रायोगिक परीक्षा में भाग लिया। कॉलेज छात्रा प्रतिनिधि यास्मीन बानो ने कहा कि सरकार ने कॉलेज तो खोल दिए हैं किंतु पढ़ाने वाले अध्यापकों की व्यवस्था भी करनी चाहिए। उपस्थित छात्राओं ने कहा कि शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वापस आंदोलन किया जाएगा।

## आरावली एक्सप्रेस रेलगाड़ी हुई बेपटरी

### बहुत बड़ा हादसा टला, पैसेंजर हुए परेशान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हृदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है उक्त शहर के समीप दोपहर के वक्त खरवा एवं लामाना के पास अरावली एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 14702 बांद्रा से गंगानगर जाते वक्त जनरल बोगी के दो पहिए पटरी से उतरे गनीमत ये रही कि इससे किसी तरह का कोई बड़ा हादसा अथवा जनहानि नहीं हुई लेकिन यात्रियों से भरी इस सवारी गाड़ी में अचानक हुई इस घटना ने एक बार तो यात्रियों का दिल दहला दिया एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन अजमेर से लामाना पहुंची उसके बाद ही ट्रेन गंतव्य स्थान पर जाने के लिए दुरुस्त हुई लेकिन लगभग 2 घंटे तक यात्रियों को काफी दिक्कत एवं परेशानी उठानी पड़ी प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक किसी पशु के आ जाने से उक्त सवारी गाड़ी के दो पहिए पटरी से उतरे लेकिन किसी तरह जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का डॉ. शिखा मील के मुख्य आतिथ्य में हुआ समापन



**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित केमिस्ट्री डिपार्टमेंट की दो दिवसीय नेशनल वर्कशॉप 'बेस्ट द चैलेंजेज ऑफ सीएसआईआर-नेट /सेट /गेट' का बुधवार को समापन हुआ ।समापन कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ शिखा मील व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य कविता गौतम के सानिध्य में संपन्न हुआ ' दो दिवसीय नेशनल वर्कशॉप के पहले दिन मंगलवार को जहां विषय विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र शर्मा ने इएसआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, डॉ. लीना नेभानी ने आईआईटी में दाखिला कैसे ले एवं डॉ. जय भगवान ने क्वांटम केमेस्ट्री एंड स्पेक्ट्रोस्कोपी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए ' वहीं बुधवार को डॉ. प्रताप बिश्नोई ने फंडामेंटल केमिस्ट्री , डॉ. मनोज चौधरी ने यूएसए में केमिस्ट्री में फील्ड में जॉब कैसे प्राप्त करें, डॉ. मंगल चंद ने ओर्गनोमेटॉलिक केमिस्ट्री व डॉ. राकेश संथाल ने तथा डॉ सुरेश कुमार वर्मा ने एप्लीकेशन ऑफ ग्रुप थ्योरी विषय पर व्याख्यान दिए ' इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ शिखा मील ने छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में दो दिवसीय वर्कशॉप के संयोजक डॉ राजेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों व विषय विशेषज्ञों का महाविद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए 25 को पोलो मैच और 1 अप्रेल को मीत ब्रदर्स की म्यूजिकल नाइट

## आवासन आयुक्त और क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने कही बात





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शहर के ख्यातनाम एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए आगामी 25 मार्च को रामबाग स्थित राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 4.30 बजे पोलो मैच और 1 अप्रेल को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बैंड मीत ब्रदर्स की म्यूजिकल नाइट करवाई जाएगी। आवासन आयुक्त और क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने गुरुवार को मंडल मुख्यालय में क्लब की सदस्यता संबंधी और कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को रामबाग पोलो क्लब में राजस्थान पोलो ग्राउंड पर एनआरआई क्लब-21 और पोलो क्लब के बीच प्रदर्शन मैच खेला जाएगा। वहीं कई मशहूर फिल्मों में संगीत दे चुकी मीत ब्रदर्स की जोड़ी 1 अप्रेल को म्यूजिकल नाइट के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करेगी। अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड और राज आंगन सोसाइटी द्वारा मिलकर विकसित किए जाने वाले एनआरआई क्लब-21 के प्रति आमजन ने गजब का उत्साह दिखाया है। 26 जनवरी से 15 मार्च तक 1000 से अधिक लोगों ने मेंबरशिप के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि क्लब को मेंबरशिप के पेटे 21 करोड़ से ज्यादा राशि प्राप्त हो चुकी है। अरोड़ा ने बताया कि प्राप्त 1000 आवेदकों में से लगभग 700 लोगों ने आवेदन शुल्क जमा करा दिया है, जबकि लगभग 300 आवेदक किसी भी तकनीकी समस्या के चलते शुल्क जमा नहीं करा सके हैं। ऐसे आवेदक 25 मार्च तक शुल्क जमा कराकर इन कार्यक्रमों का लुल्फ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब परिसर में हेल्पडेस्क 25 मार्च तक संचालित रहेगी। आयुक्त ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले एनआरआई क्लब में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। निजी सहभागिता के आधार पर क्लब 21 को हल्दीघाटी रोड़ के कैरेज-वे को जोड़ते हुए सम्पर्क सड़क बनाई जाएगी तथा शेष भूमि पर आईलैण्ड विकसित कर सम्पूर्ण क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। एनआरआई क्लब 21 का अलग से प्रवेश व निकास द्वार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि निजी सहभागिता के आधार पर ही यहां साजसज्जा, फर्नीचर्स सहित जरूरी सुविधाएं विकसित कर एनआरआई क्लब-21 को विकसित किया जाएगा। बैठक में निर्माण कार्य पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त ने बताया कि आगामी 6 महीनों में क्लब में अल्फ्रेसको रेस्टोरेंट संचालित होने लगेगा और जल्द ही पूरा क्लब बनकर तैयार हो जाएगा। बैठक में मंडल सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियंता केसी मीणा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, राज आंगन सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शेखर गर्ग, सचिव संजय हरपावत, निलेश गदिया सहित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आज से चिरंजीवी एवं आरजीएचएस योजना प्राइवेट अस्पतालों में बंद

गरीबों का सितारा







**युवराज शर्मा, अलवर।** गुरुवार को प्राइवेट हॉस्पिटल राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में अलवर पूर्णतया बंद रहा एवं आईएमए हॉल में डॉक्टर विजयपाल यादव के अध्यक्षता में मीटिंग हुई जिसमें डॉ जी एस सोलंकी, डॉ जी सी मित्तल, डॉ एस सी मित्तल डॉ अनिल सरदाना, डॉ अनिल सपरा, डॉ सुनील रस्तोगी , डॉ सुरेश गुप्ता( नेत्र ज्योति हॉस्पिटल ) डॉ सुरेश गुप्ता ( वैजयंती हॉस्पिटल ) डॉ उदय भान यादव ,डॉ राजवीर चौधरी , डॉ मुकेश गुप्ता (मानसी हॉस्पिटल ) डॉ मुकेश गुप्ता (सुनीता हॉस्पिटल ) डॉ अनिल गुप्ता (अनिल नर्सिंग होम )डॉ दिलीप सेठी,डॉ चिराग सेठी, डॉ सुनील वर्मा ,डॉ मुनेंदर गोयल, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ गिर्राज सोनी ,डॉ राजेंद्र गुप्ता ,डॉ सुशील जैन, डॉ तैयब खान, डॉ अनुभव शर्मा, डॉ लवेश गुप्ता ,डॉ दीपेश गुप्ता डॉ राजेंद्र जुनेजा, डॉ बी के सैनी, डॉ बी एस सैनी, डॉ अमित खंडेलवाल ,डॉ बी लाल गुप्ता, डॉ विजेंद्र गर्ग, डॉ विदित गुप्ता, डॉ दीपक श्रीवास्तव , डॉ हनी निश्चल ,डॉ विजय चौधरी ( अध्यक्ष अरसिदा एवं सचिव आईएमए ), डॉ संजय सैनी , डॉ विकास जैन ,डॉ सोमेंद्र शर्मा, डॉ मुकेश गुप्ता ( दक्ष हॉस्पिटल ) डॉ प्रमोद रावत ,डॉ राकेश गुप्ता डॉ सत्येंद्र मित्तल ,डॉ अभिषेक गोयल ,डॉ अनुराग मीणा ,डॉ विष्णु अग्रवाल, डॉ नंदिनी शर्मा ,डॉ रेखा गुप्ता, डॉ विष्णु गुप्ता, डॉ कर्मवीर चौधरी, डॉ दौलत राम पटेल ,डॉ ओपी अटल ,डॉ अनिल गुप्ता (सूर्या हॉस्पिटल ) डॉ अनुराग सिंह चौहान, डॉ अवध अग्रवाल, डॉ अनुभव शर्मा ,डॉ चिराग जयसवाल डॉ मजलिस अहमद ,डॉ अनुज गुप्ता आदि डॉक्टर मौजूद थे सभी ने राइट टू हेल्थ बिल से होने वाले मरीज तथा डॉक्टरों की तकलीफ के बारे में चर्चा की तथा एकमत होकर के निर्णय लिया की राइट टू हेल्थ बिल समाज विरोधी है और चिकित्सक समुदाय उसका विरोध करता है और यदि सरकार बिल वापस नहीं लेती तो आज से ही चिरंजीवी एवं आरजीएचएस का पूर्ण बहिष्कार करते हैं अंत में प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम्स सोसाइटी का डॉ तैयब खान को अध्यक्ष डॉ. अवध अग्रवाल को उपाध्यक्ष एवं डॉ लवेश गुप्ता को सचिव नियुक्त किया गया एवं जब तक राइट टू हेल्थ बिल का विरोध चलेगा उसकी अध्यक्षता डॉ. विजयपाल यादव करेंगे।

# जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य हो हासिल: कलक्टर

## कलक्ट्रेट सभागार में हुई जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और डिस्कॉम के अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन करें, ताकि योजना के तहत जिले को मिले लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सके। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) रमेश चन्द मीना ने जानकारी दी कि जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 44.62 फीसदी कवरेज हासिल किया जा चुका है जबकि प्रदेश का कुल औसत 33.87 प्रतिशत है। गत वर्ष में 94 हजार 243 कनेक्शन जारी किये गये हैं। जयपुर जिले में कोटखावदा उपखण्ड ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गत वर्ष में 9 हजार 541 कनेक्शन जारी किये हैं, जबकि झोटवाड़ा उपखण्ड 71.35 फीसदी कनेक्शन कवरेज के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने ने बैठक में अधिकारियों से जरूरी स्वीकृतियां जारी करने और जल जीवन मिशन के तहत ज्यादा से ज्यादा जल कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) बीरबल सिंह सहित जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भामाशाह ने विद्यालय विकास के लिए दिए 11 लाख रुपए



गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़ (नरेशकुमावत)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवर्धनपुरा पलसाना विकास की ओर अग्रसर है, इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधाननाचार्य अशोक कुमार व भामाशाह प्रेरक सत्यनारायण शर्मा तथा समस्त स्टाफ के प्रयासों से विद्यालय विकास के लिए रामेश्वर लाल पारीक, ओमप्रकाश पारीक, रामकिशन पारीक व गिरधारीलाल पारीक ने विद्यालय की आवश्यकता को समझते हुए पुरोहित परिवार स्व मुरलीधर पारीक, स्व फूल कंवर, स्व सत्यनारायण पारीक की स्मृति में श्री मुरलीधर पारीक स्मृति सभागार मय शौचालय निर्माण हेतू सी.एम.ए. हरेंद्र कुमार पारीक पुत्र ओमप्रकाश पारीक ने 11 लाख रुपयों का सहयोग कर विद्यालय विकास में चार चांद लगा दिए सभागार बनने से विधार्थियो व ग्रामीणों में खुशी का माहोल देखा गया तथा पुरोहित परिवार को ग्रामीणों द्वारा शुभकामनाएं दी गई। साथ ही स्टाफ के सदस्य सत्यनारायण शर्मा ने डिजिटल क्लास रूम के लिए 39 हजार रुपए ,स्टाफ सदस्यों द्वारा बालिकाओं के शौचालय के लिए 80 रुपए व ग्राम के भामाशाह मोहन देवंदा द्वारा जल मंदिर हेतू 39 हजार रुपए विद्यालय विकास समिति को दिया गया। इस दौरान भामाशाह व ग्रामीण विद्यालय स्टाफ, पंचायत समिति सदस्य श्री हनुमान सिंह महला उप सरपंच ताराचंद सैनी, सतीश सिंह शेखावत, जगदीश जांगिड, दानाराम, गोपाल बिजारनिया, मनोज वर्मा, बलराम सैनी, शंकर, मांगू राम मिठारवाल ,रमेश सांखला, उम्मेद सिंह ,राजेंद्र सैनी, हरि सिंह, आशु सिंह,रामनेश सिंह सैकडो लोग उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अशोक कुमार चौधरी ने सभी भामाशाहों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# विश्व जल दिवस विशेष : एनसीसी जवानों ने भैरुजी जोहड़ी में किया श्रमदान



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे की धार्मिक आस्था का केंद्र भैरुजी जोहड़ी में विश्व जल दिवस के उपलक्ष पर श्रीमाधोपुर एसबीएन कॉलेज के एनसीसी जवानों द्वारा श्रमदान करके जोहड़ी की साफ सफाई की गई और जल स्त्रोतों को बचाने व जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक किया गया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि पुनीत सागर अभियान के तहत भैरु बाबा की जोहड़ी से फटे पुराने कपड़े, जलकुंभी, पॉलीथिन आदि निकाल कर साफ सफाई की गई और मंदिर में आए हुए दर्शनार्थियों सहित कस्बे वासियों को जल की उपयोगिता को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ सहित एनसीसी के अधिकारी मौजूद रहे।

**जल स्त्रोतों को बचाने के लिए आमजन को किया जागरूक**

# इंदिरा महिला शक्ति सम्मान; प्रथम पुरस्कार से सम्मानित हुई डॉ. सुनीता चौधरी





गरीबों का सितारा

**सीकर।** इक ख्वाहिश एज्युकेशन फाउण्डेशन की निदेशक डॉ सुनीता चौधरी का गुरूवार को शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं की और से अभिनंदन स्वागत किया गया। मूक बधिर संस्थान एवं श्याम ग्रुप की और से आयोजित समारोह मे संस्थान की निदेशक निर्मला शेखावत, सुनीता यादव एवं उनकी टीम ने समारोह आयोजित कर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिये इक ख्वाहिश एज्युकेशन फाउण्डेशन की निदेशक डॉ सुनीता चौधरी को राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्यो के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में "इंदिरा महिला शक्ति सम्मान" प्रथम पुरस्कार द्वारा सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। सम्मान समारोह मे डॉ चौधरी को शाल,साफा एवं श्रीफल भेट कर अभिनंदन किया। साथ ही कविता यादव ने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनना चाहिए और इसका उदाहरण आपके सामने हैं आज डॉ सुनीता चौधरी ने पूरे राजस्थान में सीकर का नाम अवल किया है इस बात पर हम सब महिलाओं को गर्व है सम्मान समारोह मे अनिता चौधरी, सुमन मोदी, कविता यादव, सावित्री दीक्षित, अंबिका शर्मा, सरिता ढाका, ममता चौधरी, भावना तवर, पूजा शर्मा, सुमन देवी, क्रांति लाल, सुनील मारोठिया, छाजू राम मंगवा,सहित सैकड़ों गणमान्य जन मौजूद रहें ।

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के बैनर तले जांगिड़ सुथार समाज का जल्द होगा महाकुंभ

गरीबों का सितारा




**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर में 19 को जुटेंगे जांगिड़ सुथार समाज के लोग,लेंगे अहम निर्णय तहलका न्यूज,बीकानेर। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के बैनर तले जांगिड़ सुथार समाज राजस्थान में जल्द ही महाकुंभ आयोजित करेगा। जिसको लेकर 19 मार्च को बीकानेर में महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविन्द्र रंगमंच में आयोजित होगी। जिसमें समाज के जनप्रतिनिधि व महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सर्किट हाउस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल ने बताया कि 9 वीं त्रैमासिक मीटिंग में जांगिड़ सुथार समाज अपने उत्थान हेतु शीघ्र ही विश्वकर्मा महाकुंभ के लिये निर्णय लेगा। इस बैठक में विधायक जगदीश जांगिड़,पुखराज पाराशर,राज्यसभा सांसद रामचंद्र जागड़ा,गुजरात से जगदीश विश्वकर्मा सहित राष्ट्रीय व प्रदेश के पदाधिकारी शिकरत करेंगे। हर्षवाल ने कहा कि बैठक में राज्य सरकार को पूर्व में दी गई मांगों के निस्तारण नहीं होने पर भी चर्चा कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। इसमें कास्ट कला बोर्ड के गठन,प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने पर भी मंथन होगा। हर्षवाल ने कहा कि समाज द्वारा बार बार मांग करने के उपरान्त भी राज्य सरकार द्वारा जांगिड़ सुथार कल्याण बोर्ड गठित नहीं करने,विश्वकर्मा जयंती पर ऐच्छिक अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं करने एवं समाज की अन्य मांगों पर ध्यान नहीं देने के कारण समाज में गहरा रोष व्याप्त है। बीकानेर जिलाध्यक्ष भंवरलाल जांगिड़ ने बताया कि प्रदेश में जांगिड़ सुथार समाज अपना महत्वपूर्ण संख्याबल रखता है। लेकिन फिर भी राजनीति में उसको हमेशा नजर अंदाज किया जाता रहा है। अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो समाज महाकुंभ सामूहिक निर्णय लेगा। सर्किट हाउस में हुए इस प्रेसवार्ता में युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष नवीन जांगिड़, जयपुर जिलाध्यक्ष योगेश कडवानिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉक्टर प्रभात शर्मा, भाजपा के पूर्व देहात जिलाध्यक्ष राम गोपाल सुथार, महामंत्री सतपाल जांगिड़, कोषाध्यक्ष शंकर लाल नागर, डूंगरगढ़ से पार्षद भारत सुथार शिव प्रकाश डोयल, नवरत्न धामू, राजेंद्र रोलीवाल, जगदीश माकड़, नवीन धामू छतरसेन माकड़, छगन छडिया, मेघराज धामू, पवन माकड़ हेमल जागिड़, हेमंत रोसावा, शंकर लाल धामू, राजेंद्र अडिचवाल, रतन जांगिड़, वीरेंद्र करल, विनोद कुलरिया, मुकेश माकड़, देवकिशन गेपाल,अन्नू सुथार,वेदप्रकाश आर्य, बजरंग छडिया, निमेश ककुतरिया मौजूद रहे।

# 'सामाजिक समरसता एवं विकास' विषय पर डॉ. सतीश पूनियाँ का जेएनयू में संबोधन



गरीबों का सितारा

**जयपुर (विनोद धायल)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित राजस्थान प्रबुद्ध वर्ग मिलन समारोह में मुख्य



अतिथि डॉ. सतीश पूनियाँ ने जेएनयू को बौद्धिक विमर्श का केंद्र बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के संबंध में महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार प्रयासरत है। डॉ. पूनियाँ ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को आवास की सुविधा प्रदान की, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण करवा कर महिलाओं का सम्मान सुनिश्चित किया, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया, जनधन खाता योजना के माध्यम से पैसा सीधा लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचा जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ है। समाज के सभी तबकों और वर्गों को साथ लेकर चलने से ही समाजिक समरसता को बढ़ावा मिला है और इससे देश का विकास हुआ है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र, जेएनयू (सीएसआरडी) के अध्यक्ष प्रो. मिलाप पूनियाँ ने सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के महत्त्व को रेखांकित किया। प्रो. पूनियाँ ने कहा कि सरकार के प्रयासों से विकास के साथ सामाजिक समरसता का इको सिस्टम तैयार हुआ है। प्रो. सीमा बाठला ने कृषि अर्थशास्त्र, कृषि व्यापार, कृषि विपणन और ग्रामीण गरीबी संबंधी पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सतीश पूनियाँ ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी का शंखनाद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टीम तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो इस साल के आखिरी में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के साथ उसकी नजरें हरफनमौला हार्दिक पंड्या के नेतृत्व कौशल को परखने पर होगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में पंड्या टीम का नेतृत्व करेंगे।

पंड्या की कप्तानी में गुजरात जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले सत्र में खिताब जीता था। वह पिछले कुछ समय से टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला को 2-1 से जीतने के साथ ही जून में आयोजित होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल का टिकट पक्का करने के बाद भारतीय टीम अब 50 ओवर के प्रारूप के विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को दुरुस्त करना चाहेगी।



नियमित कप्तान रोहित पारिवारिक कारणों से हटे

### अक्टूबर और नवंबर में होगा वनडे वर्ल्ड कप

*एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर नवंबर में भारत में होगा। भारत ने अपना पिछला विश्वकप घरेलू सरजमीं पर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2011 में जीता था। इसे ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से भी ऐसी ही सफलता की उम्मीद होगी।*

### शुभमन पर दबाव

भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग-अलग श्रृंखलाओं में एकदिवसीय प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरुआत की है। इन छह एकदिवसीय मैचों में शुभमन गिल ने तीन शतक और 113.40 की औसत के साथ 567 रन बनाए है। पहले मैच में रोहित की गैरमौजूदगी में उन पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### फार्म में लौटे कोहली

अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फॉर्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस साल 67.60 के शानदार औसत से 338 रन बनाए है और अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 75 अंतरराष्ट्रीय शतकों के आंकड़े को आगे बढ़ाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा। भारतीय रन मशीन के खिलाफ जम्पा का रिकॉर्ड शानदार रहा है।



मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे से

**भारत :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शारदुल ठाकुर , अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मार्नुस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिश, सीन एबॉट, एश्टन एगर, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जम्पा।

### स्टीव स्मिथ संभालेंगे ऑस्ट्रेलिया की कमान

ऑस्ट्रेलिया की टीम नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति के बावजूद किसी भी परिस्थिति में मैच जीतने का माद्दा रखती है। पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया भी इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को भी अंतिम रूप देना चाहता है। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। टीम ने आखिरी दो टेस्ट मैच में उनकी कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमिंस और जोश हेजलवुड इस एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं लेकिन अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर और हरफनमौला एश्टन एगर राष्ट्रीय टीम से जुड़ गए है।

## खबर संक्षेप



### कोहली के संदेश ने भर दिया जोश : कणिका

**मुंबई।** प्रतिभाशाली ऑलराउंडर कणिका आहूजा ने कहा कि भारत के महान बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत ने उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्होंने 46 रन की आक्रामक पारी खेल कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को यहां महिला प्रीमियर लीग में पहली जीत दिलाई। आरसीबी की टीम ने 18 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 136 रन का लक्ष्य हासिल कर लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। पंजाब की 20 साल की कणिका ने 30 गेंद में 46 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद कहा, 'विराट सर ने हमसे कहा कि यहां दबाव की कोई बात नहीं है, यह खुशी की बात है।

### आरसीबी के विल आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** इग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स बांग्लादेश में सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से बाहर हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने दिसंबर में आईपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की राशि के साथ 24 साल के जैक्स को टीम में शामिल किया था। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की रिपोर्ट के अनुसार, 'इस महीने की शुरुआत में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनकी मांसपेशियों में चोट लगी थी।'



### फिर से फीफा अध्यक्ष चुने गए इन्फेंटिनो

**किगाली।** जियानी इन्फेंटिनो को गुरुवार को सर्वसम्मति से 2027 तक फिर से फीफा अध्यक्ष के चुना गया। इन्फेंटिनो के विरोध में कोई उम्मीदवार नहीं था और उन्होंने 211 महासंघों की कांग्रेस में औपचारिक मतदान के बजाय सर्वसम्मति से अगले चार साल के लिए भी यह पद संभाला। स्विट्जरलैंड के वकील इन्फेंटिनो को पहली बार 2016 में फीफा का अध्यक्ष चुना गया था। उस समय फीफा भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहा था।



### अब नए लुक में नजर आएगी ऑरेंज आर्मी

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 के लिए अपनी नई जर्सी लांच की। टीम ने बल्लेबाज मयंक अग्रवाल, तेज गेंदबाज उमरन मलिक और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर जैसे भारतीय अंतरराष्ट्रीय सितारों के फोटोशूट के जरिए जर्सी को लांच किया। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।



## मुक्केबाजी : इस्माइलोवा के खिलाफ रैफरी के रोकने से रुकीं जरीन

# विश्व चैंपियनशिप : निखत का जीत से आगाज, साक्षी ने 5-0 से किया सफाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की शीर्ष मुक्केबाज निखत जरीन ने गुरुवार को यहां अजरबैजान की अनाखानिम इस्माइलोवा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के जरिए करारी शिकस्त देकर विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टूर्नामेंट के शुरू में ही मुकाबला खिताब की प्रबल दावेदार निखत का था जिन्होंने घरेलू दर्शकों को निराश नहीं किया।

राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता निखत ने 50 किग्रा भार वर्ग में अपनी प्रतिद्वंदी को परखने में थोड़ा समय लगाया लेकिन एक बार अजरबैजान की मुक्केबाज का खेल समझने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मौजूदा चैंपियन होने के बावजूद यहां गैर वरीयता प्राप्त निखत ने आक्रामक रवैया अपनाया और अपनी विरोधी पर लगातार कई घूंसे जड़े। भारतीय मुक्केबाज का दबदबा इस कदर था कि रेफरी ने तीन तक गिनती करके इस्माइलोवा को समय दिया और फिर दूसरे राउंड में ही मुकाबला रोक दिया।



### वरीयता कोई समस्या नहीं

*चैंपियनशिप में गैर वरीयता प्राप्त होने के बारे में निखत ने कहा, 'यह कोई समस्या नहीं है। यह ड्रॉ पर निर्भर है और कोई भी वरीयता हासिल कर सकता है। यह मायने नहीं रखता लेकिन मेरा ड्रॉ अच्छा है और प्रतियोगिता आगे बढ़ने के साथ मुझे कड़ी प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ेगा।' निकहत का अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 की अफ्रीकी चैंपियन रौमेसा बौआलम से होगा।उन्होंने कहा, 'मैं उस मुक्केबाज को जानती हूं लेकिन मैं कभी उसके खिलाफ नहीं खेली हूं। मुझे खुशी है कि भारत की तरफ से पहला मुकाबला मैंने लड़ा और उम्मीद है कि मैं इसका अच्छा अंत करुंगी।'*

### 5-0 से जीती साक्षी



*एक अन्य मुकाबले में भारत की साक्षी (52 किग्रा) ने पहले दौर में कोलंबिया की मार्टिनेज मारिया जोस को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहली बार इस चैंपियनशिप में भाग ले रही साक्षी और जोस ने शुरू में एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी जल्द ही हावी हो गई और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंदी को कोई मौका नहीं दिया।*

# वुलफार्ट और गार्डनर ने दिलाई गुजरात को जीत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

लॉरा वुलफार्ट और एशलीग गार्डनर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जायंट्स ने गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 11 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 147 रन बनाए।

इसके जवाब में दिल्ली की टीम 18.4 ओवर में एक 136 रन पर आउट हो गई। दिल्ली की यह पांच मैचों में दूसरी हार है। गुजरात की तरफ से वुलफार्ट ने 45 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। गार्डनर ने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 51 रन की पारी खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इनके अलावा हरलीन देओल ने 33 गेंदों पर 31 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से जेस जॉनासन ने 38 रन देकर दो विकेट लिए।

### कैप के सर्वाधिक 36 रन

दिल्ली के चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें मारिजाने कैप ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने आखरी ओवरों में 19 गेंद पर 25 रन बनाकर एक समय गुजरात के परेशानी पर ला दिए थे। गार्डनर ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 19 रन देकर दो विकेट लिए। उनके अलावा किम गार्थ और तनुजा कंवर ने भी दो-दो विकेट हासिल किए।

# रैंकिंग में चौथे पायदान पर पहुंची भारतीय हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


प्रो लीग मैचों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो-दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई।

इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से एक स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई। इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया।

भारत ने प्रो लीग के अपने मैचों में जर्मनी को 3-2 और 6-3 जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5-4 और नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से शिकस्त दी। लगातार चार मैचों में जीत से भारत एफआईएच प्रो लीग के अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाला नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर है जबकि उपविजेता बेल्जियम नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज है।

### कैपिटल्स में वार्नर कप्तान और गांगुली बने निदेशक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर को ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र के लिए गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया। टीम के नियमित कप्तान पंत कार दुर्घटना में लगी गंभीर चोट से उबर रहे हैं और वह 31 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र में टीम में वापसी नहीं कर पाएंगे। भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल दिल्ली टीम के उप-कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले सत्र में भी यह जिम्मेदारी निभाई थी। दिल्ली कैपिटल्स ने भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली को फ्रेंचाइजी का क्रिकेट निदेशक बनाने की घोषणा की। गांगुली इससे पहले भी 2019 सत्र के दौरान मेंटॉर की भूमिका में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे हैं। वार्नर ने कहा, 'ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं और हम सभी को उनकी कमी खलेगी। टीम प्रबंधन ने इस जिम्मेदारी के साथ मुझ पर जो विश्वास जताया है उस भरोसे के लिए मैं उन्हें शुक्रिया कहना चाहता हूं।'



# रियल मैड्रिड क्वार्टर में...



*मैड्रिड। रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग प्री-क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में लिवरपूल को 1-0 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड ने पहले चरण का मुकाबला 5-2 से जीता था। उसने कुल 6-2 की जीत के साथ बचाव का अपना अभियान जारी रखते हुए लगातार तीसरी बार अंतिम आठ में जगह बनाई। बुधवार को खेले गए मैच का इकलौता गोल करीम बेंजेमा ने किया। उन्होंने मैच के 79वें मिनट में विनिसियस जूनियर की मदद से यह गोल दागा। चैंपियंस लीग के नॉकआउट चरण के पिछले आठ मैचों में यह उनका 13वां गोल था। मैड्रिड ने पिछले साल फाइनल में भी लिवरपूल को हराया था।*

### त्रीसा-गायत्री अंतिम-8 में, सेन सात्विक-चिराग बाहर

**बर्मिंघम।** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज करके गुरुवार को यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री ने युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोटा की जोड़ी को 21-14, 24-22 से हराया। लक्ष्य सेन डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ किसी भी समय लय में नहीं दिखे और 52 मिनट में 13-21, 15-21 से हार गए। सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी चीन के विश्व नंबर 10 लियांग वेई केंग और वांग चांग से 21-10, 17-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गई।

### टियाफो, मेदवेदेव अंतिम-4 में पहुंचे

**इंडियन वेल्स।** फ्रांसिस टियाफो ने 10वीं वरीयता प्राप्त कैमरून नॉरी को 6-4, 6-4 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दानिल मेदवेदेव ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-5 से शिकस्त देकर लगातार 18वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में दूसरी वरीय आर्यना सबालेंका ने आखिरी के सात गेम जीतकर छठी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 6-4 6-0 से शिकस्त दी।

## कोहली ने 2021 के बाद आईपीएल कप्तानी छोड़ने पर कहा

# टीम नेतृत्व को लेकर खत्म हो गया था मेरा जज्बा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग 2021 सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान का पद छोड़ने के अपने फैसले पर कहा कि उन्हें खुद से 'भरोसा' उठ गया था और इस काम के लिए उनका 'जज्बा' भी कम हो गया था।

■ **2017 और 2019 में तालिका में सबसे नीचे रही आरसीबी की टीम**

कोहली की कप्तानी में आरसीबी की टीम 2017 और फिर 2019 में आईपीएल तालिका में सबसे नीचे रही थी। कोहली ने भारतीय टी20 टीम की कमान छोड़ने के बाद 2021 सत्र में आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी थी। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस टीम के कप्तान बने थे। कोहली ने महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ आरसीबी के मैच से पहले महिला टीम की खिलाड़ियों से कहा, 'जिस समय मेरी कप्तानी का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था। इसे लेकर मेरे अंदर कोई जज्बा नहीं बचा था। वह हालांकि मेरा अपना नजरिया था, एक व्यक्ति के तौर पर मैं खुद से कह रहा था कि मैंने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं अब इसे और नहीं संभाल सकता हूं।

आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार 2020 में प्लेऑफ में पहुंची थी। टीम इसके अलगे दो सत्र में भी इसे दोहरने में सफल रही लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं।'' कोहली ने 2021 टी20 विश्व कप के बाद भारत के टी20 कप्तान के रूप में पद छोड़ने का मन बना लिया था। बाद में उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके बाद टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। भारतीय टीम से कप्तानी की भार से मुक्त होने के बाद उन्होंने आरसीबी के कप्तान पद को छोड़ने का फैसला किया।



### महसूस की असुरक्षा की भावना

*दिल्ली के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके कॅरियर में ऐसे दौर आए जब उन्होंने असुरक्षा की भावना महसूस की और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मैंने लंबे समय से खेल रहा हूं ऐसे में मुझे अच्छे प्रदर्शन को लेकर खुद को लगातार याद दिलाने की जरूरत होती हैं। यहां तक की टीम के युवाओं के पास भी नया नजरिया होता है। कई बार मैं दबाव में रहा हूं, मेरे अंदर भी असुरक्षा की भावना रही है। मैंने अपने प्रदर्शन को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने की कोशिश की है। मैं खुद से कहता था कि 'ओह, मैं विराट कोहली हूं, मुझे हर मैच में प्रदर्शन करना है। मैं आउट होने का जोखिम नहीं उठा सकता'।'*




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राष्ट्रीय स्मैश रैकेट प्रतियोगिता में मैच के परिणाम निम्नप्रकार रहे





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय स्मैश रैकेट प्रतियोगिता मे गुरुवार के लीग एवं क्वार्टर फाइनल मैचों के परिणाम निम्न प्रकार रहे। राजस्थान स्मैश रैकेट संघ मोहम्मद इकराम महासचिव ने बताया कि प्रतिभागियों में मैचों का परिणाम इस प्रकार रहा और सभी टीमों ने लग्न एवं ईमानदारी का परिचय देते हुए अपने परिणाम प्राप्त किये। लीग मैचः उत्तरप्रदेश बनाम मध्यप्रदेश वूमेन डबल में 10-21, 09-21 से मध्यप्रदेश विजयी। राजस्थान बनाम आंध्रप्रदेश मैन टीम में 21-11, 21-12 से राजस्थान विजयी । मुम्बई बनाम चण्डीगढ़ मैन डबल्स में 21-5, 21-5 से मुम्बई विजयी। उत्तराखण्ड बनाम मध्यप्रदेश वुमेन टीम मे 10-21, 6-21 से मध्यप्रदेश विजय। झारखण्ड बनाम आंध्रप्रदेश मैन डबल्स में 21-18, 21-17 से झारखण्ड विजयी। तेलंगाना बनाम बिहार वूमेन टीम में 21-09, 21-17 में तेलंगाना विजयी। राजस्थान बनाम झारखण्ड मैन टीम में 21-11, 21-15 में राजस्थान विजयी। महाराष्ट्र श/२ आंध्रप्रदेश वुमेन डबल मे 21-15, 25-21 से महाराष्ट्र विजयी। क्वार्टर फाइनल मैच महाराष्ट्र बनाम उत्तराखंड टीम मेन्स में 21-14 21-11 से महाराष्ट्र विजय। झारखण्ड बनाम दिल्ली मैन डबल्स में 21-14, 21-9 में झारखण्ड विजयी। तेलंगाना बनाम उत्तरप्रदेश वूमेंस डबल्स में 21-11, 22-20 में तेलंगाना विजयी। मुम्बई श/२ बिहार मैन टीम मे 21-10, 21-10 में मुम्बई विजयी। इस दौरान महेश मोहित वरिष्ठ कांग्रेसी, मित्रोदय गांधी अध्यक्ष राजस्थान स्मैश रैकेट संघ, राकेश टांक, रशिद द्वारा टीम के संभागियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनको खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया।

यात्रियों को राहत

# ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

### वाया : द्वारका, राजकोट, महेसाना, आबूरोड, अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी होकर संचालित होगी




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा गर्मियों के मौसम में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09523, ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 18.04.23 से 16.05.23 तक (05 ट्रिप) प्रत्येक मंगलवार को ओखा से 10.00 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर 04.05 बजे आगमन व 04.15 बजे प्रस्थान कर 10.10 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09524, दिल्ली सराय रोहिल्ला -ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.04.23 से 17.05.23 तक (05 ट्रिप) प्रत्येक बुधवार को दिल्ली सराय रोहिल्ला से 13.20 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 18.20 बजे आगमन व 18.30 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 13.50 बजे ओखा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाना, ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर व रेवाड़ी होकर संचालित होगी।

# महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र का सम्मान बीकानेर रेंज से राजेंद्र सिंह का हुआ सम्मान



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर पुलिस महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र का सम्मान बीकानेर रेंज के तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के श्री राजेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल नम्बर162 को मिला डीजीपी डिस्टिक सम्मान श्रीमान पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के कर कमलों द्वारा श्री राजेंद्र सिंह को खेल मुख्यालय क्षेत्र में निर्माण कार्य में सहयोग और पौधारोपण के उत्कृष्ट के लिए श्रीमान डीजीपी द्वारा हिमा दास स्टेडियम प्रभारी श्री राजेंद्र सिंह को यह सम्मान हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ है श्री राजेंद्र सिंह ने बताया की प्रशस्ति पत्र 2021 में प्राप्त हो गया मगर करो ना काल के कारण सम्मान समारोह का कार्य नहीं हो पाया जो की आज पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर में आयोजित किया गया आयोजन कार्यक्रम में श्री उमेश मिश्रा आईपीएस पुलिस महानिदेशक श्री विशाल बंसल आईपीएस अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती लता मनोज कुमार आईपीएस महानिदेशक आर्म्स बटालियन के साथ-साथ इस मौके पर कमांडेंट मोटाराम कमांडेंट तीसरी बटालियन समारोह में मोजूद रहे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने सुनी जन समस्याएं

### उप जिलाप्रमुख मोहन डागर रहे मौजूद



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जिला परिषद जयपुर सभागार में जिला कलक्टर जयपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर जयपुर प्रकाश राजपुरोहित की उपस्थिति में हुआ। जनसुनवाई में कलेक्टर ने कई समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया । उप जिलाप्रमुख डागर ने बताया कि इस जनसुनवाई में आमजन की प्रमुख समस्याओ को जिला कलेक्टर ने सुनकर अधिकारियों को समय सीमा पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है ।जनसुनवाई में प्रमुख रूप से आभादी भूमी के पट्टे, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने , बिजली, पानी, सहित समस्याओं को सुना। जिला कलक्टर ने बताया कि इस जनसुनवाई में 150 से अधिक विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश शर्मा सहित पुलिस, चिकित्सा स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, कृषि, परिवहन, विधुत, जेडीए, सहित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# डॉ सतीश पूनिया का बस्सी चक पर भाजपा कार्यकताओं ने भरतपुर जाते समय किया भव्य स्वागत



गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा नेता नारायण मीणा के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया का जयपुर से भरतपुर जाते समय बस्सी चक पर किया भव्य स्वागत इस दौरान भाजपा नेता हेमंत मीणा, एबीवीपी नगर अध्यक्ष डॉ मूलचंद मीणा, राकेश शर्मा, दीपक शर्मा चावंडिया, अभिजीत सिंह राठौड़, अनिल जांगिड़, शुभम शर्मा, बाबूलाल शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नव संवत्सर की तैयारियां जोरों पर 22 मार्च को निकलेंगी हिन्दू धर्मयात्रा

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर। अंग्रेजी नववर्ष चाहे भले ही खास हो, किंतु चैत्र माह की प्रतिपदा के साथ हिन्दू नववर्ष (नव संवत्सर) हिन्दूओं के लिए खास महत्व रखता है। इसी नव संवत्सर को लेकर बीकानेर में महादेव के अभिषेक के साथ शुरू हुआ तैयारियों इन दिनों जोरशोर से चल रही है। नव सवंत्सर के मौके पर बीकानेर में हिन्दू संगठनों की ओर से धर्मयात्रा हर साल निकलती है। बीच में दो साल कोरोना के बाद इस धर्मयात्रा को लेकर लोगों में खास उत्साह है। इसको लेकर हिन्दू संगठन तैयारियों में जुटे है। बीकानेर के एमएम ग्राउंड से रवाना होकर यह धर्मयात्रा बीकानेर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई जूनागढ़ पहुंचेगी। जहां शाम को महाआरती के साथ धर्मयात्रा का विसर्जन होगा। इस धर्मयाात्रा में बीकानेर से ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में युवक व युवतियां भाग लेने के लिए पहुंचते है।




# एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के रसायनज्ञों का प्रशिक्षण-सप्लाई का पानी ऐसा हो कि लोग सीधे नल से ही पी सकें

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की जा रही जलापूर्ति का पानी की गुणवत्ता ऐसी हो कि लोग आरओ लगाने की बजाय सीधे नल से आने वाला पानी ही पीयें। उन्होंने कहा कि आर.ओ. एवं बोतलबंद पानी से कहीं अधिक फायदेमंद पीएचईड़ी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाला पेयजल है क्योंकि उसमें सारे जरूरी मिनरल्स होते हैं। इस संबंध में विभाग की ओर से आमजन में जागरूकता पैदा की जाए। डॉ. अग्रवाल क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पीएचईड़ी के सहयोग से जयपुर में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में गुरूवार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें तकनीकी भाषा की जगह आमजन की समझ में आने वाली भाषा में उन्हें समझाना होगा ताकि लोगों की आपूर्ति के पानी की बेहतर गुणवत्ता के बारे में जागरूक किया जा सके। पानी सही एवं गुणवत्ता युक्त है यह बात हमें आसान तरीके से लोगों को बतानी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन में पिछले तीन साल से हजारों करोड़ रूपए खर्च कर पूरे देश में




ग्रामीण घरों तक नल के माध्यम से पीने योग्य पानी पहुंचाया जा रहा है। लोगों के घरों तक पहुंचने वाले इस पानी की गुणवत्ता यदि बरकरार नहीं रही तो राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जेजेएम में किए जा रहे हजारों करोड़ रूपए के इस व्यय की कोई उपयोगिता नहीं रह जाएगी। एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं एवं हमारे रसायनज्ञों की यह जिम्मेदारी है कि पेयजल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दिए जा रहे एनएबीएल सर्टिफिकेट प्राप्त लैब द्वारा की गई पानी की गुणवत्ता जांच पूरे देश में मान्य है। लोगों का यह भरोसा क्वालिटी काउंसिल ने वर्षों की मेहनत से कमाया है। उन्होंने कहा कि क्वालिटी काउंसिल, बीआईएस एवं अन्य संस्थाओं द्वारा जारी किए जाने वाले सर्टिफेकेट में आईएसओः9000, आईएसओः10000 जैसे मापदण्ड आमजन की समझ में नहीं आते हैं। विभिन्न मापदण्डों को हमें आसान बनाना होगा। मार्का ऐसा होना चाहिए ताकि आम आदमी को यह आसानी से समझ में आए। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अभियंता (शहरी) श्री केडी गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में हमें नवाचारों एवं विकासवादी सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में सीखी गई बातें रसायनज्ञों के लिए काफी लाभदायक होंगी। वॉटर क्वालिटी एक्सपर्ट डॉ. भावना त्रिवेदी ने वाटर क्वालिटी बरकरार रखने में आ रही चुनौतियां एवं वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग पैरामीटर्स पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। मुख्य रसायनज्ञ श्री एच एस देवन्दा ने बताया कि एनएबीएल अप्रूव्ड लैब में सैम्पल जांच के परिणाम एक्यूरेट होते हैं। इससे प्रमाणिकता में वृद्धि होती है और पेयजल गुणवत्ता में सुधार होता है। इस अवसर पर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी बिल्डिंग सेल के डायरेक्टर श्री आलोक जैन ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, पीएचईड़ी डॉ. सुबोध अग्रवाल को काउंसिल के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित कॉफी टेबल बुक भेंट की। उन्होंने पेयजल गुणवत्ता जांच के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यूनिसेफ के वॉश ऑफिसर श्री नानक संतदासानी ने कहा कि पानी की गुणवत्ता बनाए रखने में राजस्थान का कार्य देशभर में काफी अच्छा कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन रसायनज्ञों को जल गुणवत्ता प्रबंधन के गुर सिखाए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पानी की गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालने वाले रसायनज्ञों एवं लैब असिस्टेंट्स को विभिन्न तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# युवा महिला सरपंच चंदा धायल ने अब उठाया बीड़ा "नहीं बिकने देगी शराब"



गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़।** उपखंड की बाज्यावास सरपंच चंदा धायल सज्जनपुरा मार्ग पर स्थित शराब की दुकान बंद कराने की मांग उठाई है। ठेके को बंद कराने के लिए गुरूवार को युवा सरपंच चंदा धायल के नेतृत्व में महिलाओं ने एसडीएम दांतारामगढ़ को ज्ञापन सौंपा। सरपंच धायल ने बताया कि एक साल पहले एक व्यक्ति की शराब के सेवन करने से मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद शराब की दुकान को बंद करवाने के लिए ग्रामवासियों ने विरोध किया था। जिसमें आबकारी अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समझौता हुआ। और उस दौरान वहां से शराब की दुकान को हटा दिया गया था। लेकिन अब शराब की दुकान को उसी जगह वापस स्थापित कर चालू कर दिया गया। उसी जगह दुबारा शराब की दुकान चालू करने पर ग्रामीणों में भारी विरोध हैं। वहीं महिलाओं ने कहा कि शराब की दुकान को प्रशासन नहीं हटाते हैं तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

# 05 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 05 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने दी जानकारी 1. गाडी संख्या 04713/04714, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में बीकानेर से दिनांक 06.04.23 से 29.06.23 तक (13 ट्रिप) एवं बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 07.04.23 से 30.06.23 तक (13 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 2. गाडी संख्या 04801/04802, सीकर-जयपुर-सीकर स्पेशल प्रतिदिन रेल सेवा की संचालन अवधि में दिनांक 01.04.23 से 30.06.23 तक (91 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 3. गाडी संख्या 09621/09622, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 02.04.23 से 25.06.23 तक (13 ट्रिप) एवं बान्द्रा टर्मिनस 26.06.23 तक (13 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 4. गाडी संख्या 09627/09628, अजमेर-सोलापुर-अजमेर स्पेशल साप्ताहिक रेल सेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 12.04.23 से 14.06.23 तक (10 ट्रिप) एवं सोलापुर से दिनांक 13.04.23 से 15.06.23 तक (10 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। 5. गाडी संख्या 09723/09724, जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में जयपुर से दिनांक 05.04.23 से 28.06.23 तक (13 ट्रिप) एवं बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 06.04.23 से 29.06.23 तक (13 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। सभी को नोट करते हुए उन्होंने बताया कि उपरोक्त रेलसेवाओं के संचालन समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेंगे।

# खेलो इंडिया महिला वुशू लीग 18 व 19 मार्च को जयपुर में

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** खेल विभाग युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को 10 से 31 मार्च तक पूरे भारतवर्ष में एक उत्सव के रूप मनाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् व राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान में 18 व 19 मार्च तक जुडो हॉल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में खेलो इंडिया जयपुर वुशू महिला लीग का आयोजन किया जा रहा है। हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि 18 मार्च को सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक आयु वाले) व 19 मार्च को सबजूनियर (14 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले) व जूनियर वर्ग (14 वर्ष से अधिक व 18 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले) खिलाडियों की प्रतियोगिता आयोजित कराई जायेगी। अध्यक्ष ने बताया की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी आयुवर्ग के इच्छुक खिलाडी अपना रजिस्ट्रेशन हेतु एक फोटो व आधार कार्ड की कॉपी के साथ 17 मार्च को शाम 4 से 6 बजे तक चौगान स्टेडियम तथा दिनांक 18 मार्च प्रातः 9 बजे जुडो हॉल, सवाई मानसिंह स्टेडियम में वुशू कोच राजेश कुमार टेलर को फॉर्म जमा करवा कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।



राजस्थान वुशू संघ अध्यक्ष हीरानन्द कटारिया ने दी जानकारी

# बिजली कर्मचारी हरकेश मीना लाईन मैन ने दिया अपना ईमानदारी का परिचय

**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना,।** अलवर के रैणी पुलिस थाना क्षेत्र के गाँव भिखाहेडी. के हरकेश मीना जो रैणी में अएठ ऑफिस जयपुर विधुत वितरण निगम में कार्यरत हरकेश मीना लाईनमैन ने अपना ईमानदारी का परिचय दिया जब लाईन मैन अपनी डयूटी से रात में अपने घर जा रहा था तो कर्मचारी को सड़क पर मण्डावर के पास बड़ा बास के करिब रोड़ पर एक मोबाइल फोन पडा.हुआ दिखाई दिया तो लाईन मैन ने अपनी बाईक (मोटर साइकिल) को रोक कर उन्होंने मोबाइल फोन को उठा लिया रात में करिब 7-8 बजे की बात है वह उस मोबाइल फोन को लेकर घर चला गया तो रात में ही उस फोन में बार बार फोन आ रहे थे तो उक्त कर्मचारी ने फोन को उठा कर बात की तो वह फोन वाला रैणी क्षेत्र के गाँव आकोदा मीना निवासी का जलसिंह मीना बोल रहा था कहा कि भैयाजी ये फोन मेरा है तो लाईन मैन हरकेश मीना ने कहा कि आपको सुबह 6-7 बजे मिल जायेगा तो जलसिंह मीना ने सुबह लेने के लिए बोल दिया और लाईन मैन हरकेश ने सुबह ही 6 बजे जलसिंह को फोन कर दिया कि भैया आप अपना फोन मण्डावर आकर ले जाओ तो मिडिया को बुला कर हरकेश लाईन मैन ने सुबह 7 बजे के लगभग फोन जलसिंह मीना के भाई रामकृपाल मीना को दे दिया गया। इस तरह से हरकेश मीना बिजली कर्मचारी ने अपना ईमानदारी का परिचय दिया इसके इस कार्य की आसपास के लोगो ने सराहना की और धन्यवाद भी दिया।




स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com